रविवार, 22 फरवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 20 – 32 |
| आर्द्रता | 58% |
| सूर्योदयः 06:05 | सूर्यास्तः 17:36 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये


सुविचार : स्वभाव की मधुरता जिन्दगी के लिए सबसे बड़ा बिटामिन है।



भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराया, टी20 श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत पृष्ठ 8

### ब्रिटेन में बाफ्टा पुरस्कार समारोह से पहले नामित भारतीय फिल्म पर सबकी नजरें टिकीं

**लंदन :** ब्रिटिश एकेडमी फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स 2026 (बाफ्टा) से पहले लंदन में आयोजित अपनी तरह के पहले दक्षिण एशियाई समारोह में मणिपुरी कॉमेडी–ड्रामा फिल्म ''बूंग'' और गीता गांधबीर द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र ''द परफेक्ट नेबर'' सुर्खियों में रहे। फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और नवोदित निर्देशक लक्ष्मीप्रिया देवी द्वारा निर्देशित फिल्म ''बूंग'' बाफ्टा पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में पुरस्कार की दौड़ में शामिल है। भारतीय अमेरिकी निर्देशक गीता गांधबीर को उनकी फिल्म ''द परफेक्ट नेबर'' के लिए सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र बाफ्टा पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। साथ ही अगले महीने ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर के लिए भी इसे नामित किया गया है।

# ट्रंप ने वैश्विक शुल्क 10% से बढ़ाकर 15% किया, भारत समेत सभी देशों पर असर

**वाशिंगटन/नई दिल्ली :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि सभी देशों पर एक दिन पहले लागू किए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। ट्रंप की ओर से पहले लगाए गए भारी भरकम शुल्क को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के बाद शुक्रवार को राष्ट्रपति ने भारत समेत सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए प्रभावी 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था। अमेरिका के 10 प्रतिशत शुल्क पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत सरकार ने शनिवार को कहा कि वह इन शुल्कों और उनके प्रभावों का अध्ययन कर रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,



कल शुल्क को लेकर अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के हास्यास्पद, खराब ढंग से लिखे गए और असामान्य रूप से अमेरिका विरोधी फैसले की गहन, विस्तृत और पूरी समीक्षा व कई महीनों के विचार–विमर्श के बाद मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर रहा हूं। इन देशों में से कई दशकों से अमेरिका से अनुचित लाभ उठा रहे थे, जिसका (जब तक मैं आया नहीं) कोई प्रतिशोध नहीं लिया गया। उन्होंने कहा, आने वाले कुछ महीनों में ट्रंप प्रशासन नए और कानूनी रूप से स्वीकार्य शुल्क निर्धारित करेगा और लागू करेगा, जो 'अमेरिका को पुनः महान बनाने' की हमारी सफल प्रक्रिया को जारी रखेंगे। नयी दिल्ली में वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार अमेरिका में शुल्क से जुड़े ताजा घटनाक्रम और उनके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने शुक्रवार को छह–तीन के बहुमत से फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून (आईईईपीए, 1977) के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

## विकसित भारत के लिए भारत में बनी चिप अत्यंत महत्वपूर्ण: प्रधानमंत्री मोदी

**ग्रेटर नोएडा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म–निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी



कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा। एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत एक 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट' (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। यह कंपनी 60:40 के अनुपात में एच–सीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस संयंत्र में डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। ये चिप्स ऐसे सेमीकंडक्टर चिप होते हैं जो स्क्रीन पर चित्र, वीडियो और लिखित सामग्री प्रदर्शित करने के लिए पिक्सल को नियंत्रित करते हैं। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति शृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी। इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने का इरादा है।

## विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले एक मार्च से ही बंगाल में शुरू हो जाएगी केंद्रीय बलों की तैनाती

**आयोग का बड़ा फैसला, शुरुआत में दो चरणों में कुल 480 कंपनियों की होगी तैनाती, एक मार्च को पहुंच जाएगी 240 कंपनी**

**कोलकाता :** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) ने बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने राज्य में मतदान की तिथियों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को जारी इस अधिसूचना ने राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया यह निर्णय दर्शाता है कि आयोग इस बार बंगाल में कानून–व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है।

**होली के तत्काल बाद घोषित हो जाएगा चुनाव**

आयोग की योजना के अनुसार, केंद्रीय बलों की यह तैनाती दो रणनीतिक चरणों में संपन्न की जाएगी। पहले चरण की शुरुआत आगामी एक मार्च से होगी। गौर



करने वाली बात यह है कि इस अवधि तक न तो चुनाव की तिथि अधिसूचित होंगी और न ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी होगी। इसके बाद दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा, जिसके बारे में यह संभावना जताई जा रही है कि तब तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी होगी और आचार संहिता लागू हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग होली के तत्काल बाद मतदान के विभिन्न चरणों की घोषणा कर सकता है।

इन दो शुरुआती चरणों में कुल 480 कंपनियों को तैनात करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्रत्येक चरण में 240–240 कंपनियां भेजी जाएंगी। एक मार्च को पहुंचने वाली पहली खेप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआइरीएफ) की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 55, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की 21, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) की 27 और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 27 कंपनियां शामिल होंगी। वहीं, 10 मार्च के दूसरे चरण में बलों की संख्या में फेरबदल करते हुए सीआरपीएफ की 120 और बीएसएफ की 65 कंपनियों सहित अन्य बलों का मिश्रण तैनात किया जाएगा।

**आवाजाही और तैनाती के लिए सीआरीएफ होगी मुख्य समन्वयकारी एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस पूरी आवाजाही और तैनाती के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्य समन्वयकारी एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। साथ ही, पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित बलों के मुख्य समन्वयकों के साथ मिलकर तैनाती की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे। इन बलों की वापसी के संबंध में निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा। समय से पहले बलों की इस दस्तक को संवेदनशील इलाकों में मतदाताओं के बीच विश्वास पैदा करने और संभावित हिंसा को रोकने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## बंगाल सब कुछ सह सकता है, पर किसी के आगे नहीं झुकता : ममता



- **अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस कार्यक्रम के मंच से भाजपा पर जमकर बरसीं ममता**
- **कहा– बंगाल से बहुत जलते हैं भाजपा के लोग**
- **ममता ने कहा– किसी भाषा पर हमला हुआ तो मिलकर करेंगे मुकाबला**

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह के मंच से बिना नाम लिए भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि वे लोग बंगाल से बहुत जलते हैं। राज्य सरकार द्वारा भाषा दिवस पर कोलकाता के देशप्रिय पार्क में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ममता ने दूसरे राज्यों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न का फिर मुद्दा उठाया और सवाल किया कि बंगाली बोलने पर लोगों को क्यों परेशान किया जा रहा है। ममता ने कहा कि मैं सभी भाषाओं का सम्मान करती हूं, क्योंकि हम रामकृष्ण परमहंसदेव व स्वामी विवेकानंद की धरती के लोग हैं।

ममता ने कहा कि इस पावन दिन पर हम अपना संकल्प दोहराते हैं कि यदि किसी भी भाषा पर प्रहार होता है तो हम सब उसके खिलाफ एकजुट होकर खड़े होंगे। सभी भाषाएं समान सम्मान की पात्र हैं। ममता ने स्पष्ट कहा कि बंगाल सब कुछ सह सकता है, देश के लिए सब कुछ बर्बाद कर सकता है, लेकिन यह किसी के आगे नहीं झुकता। ममता ने कहा कि हम सिर्फ लोगों व अपनी मिट्टी के आगे झुकते हैं। हम दिल्ली के आगे नहीं झुकते। ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल से नफरत करने वाले कुछ लोग बंगाली भाषा पर हमला कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली से आकर बंगाल पर जबरन कब्जा नहीं किया जा सकता। ममता ने कहा कि भाजपा के नेताओं को पहले बंगाल को जानना होगा। ममता ने जुल्म और व्यभिचार के खिलाफ लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। ममता ने कहा कि वे (भाजपा वाले) बंगाल को लेकर बहुत परेशान हैं। क्या आप जबर्दस्ती बंगाल पर कब्जा करेंगे?

भले ही आप सब कुछ जबरदस्ती कर लें, आप लोगों का दिल नहीं जीत सकते। ममता ने याद दिलाया कि अगर बंगाली नहीं होते तो देश में पुनर्जागरण, सती प्रथा और बाल विवाह नहीं रूकते।

**सभी भाषाएं समान रूप से सम्मान की हकदार हैं**

इससे पहले सुबह में ममता ने एक्स पर पोस्ट के जरिए अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की लोगों को शुभकामनाएं दीं। ममता ने जोर देकर कहा कि सभी भाषाएं समान रूप से सम्मान की पात्र हैं और उन्हें किसी भी प्रकार के प्रहार से बचाया जाना चाहिए। भाषा आंदोलनों के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए ममता ने कहा कि उनकी सरकार भाषाई विविधता का सम्मान करती है तथा उसने कई भाषाओं को आधिकारिक मान्यता दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्ला न केवल एक समृद्ध साहित्यिक विरासत वाली भाषा है, बल्कि यह सभी भाषाई समुदायों के प्रति सम्मान की व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा भी है। उन्होंने कहा कि हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि राज्य में हर व्यक्ति को, चाहे वह कोई भी भाषा बोलता हो, उसे अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले।

## अगले पांच वर्षों में घुसपैठियों को न केवल मतदाता सूची से बल्कि देश से भी निकाल दिया जाएगा : शाह

**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जोर दिया कि अगर भारत नक्सलियों से मुक्त हो सकता है, तो वह घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से बल्कि देश से भी निकाल दिया जाएगा। शाह असम पुलिस की 10वीं बटालियन के नए परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बटालियन के बारे में उन्होंने कहा कि इसका निर्माण घुसपैठियों के अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता ने एक बार कहा था कि घुसपैठियों को बाहर निकाल दिया जाएगा, लेकिन ''कांग्रेस ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि अवैध प्रवासी उसका वोट बैंक हैं।'' उन्होंने कहा, ''अतिक्रमण की गई जमीनों से घुसपैठियों को निकालना ही काफी नहीं है, उन्हें भारत से बाहर भी भेजना होगा।'' शाह ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों का



विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कर रहा है और यह स्पष्ट है कि घुसपैठियों की पहचान हो जाएगी, लेकिन ''राहुल गांधी इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं और एक के बाद एक बम गिरा रहे हैं, लेकिन इनसे पटाखों जैसी आवाज भी नहीं निकलती। अन्य कई राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है, वहीं असम में विशेष पुनरीक्षण (एसआर) कवायद हो रही है। शाह ने कहा, ''अतिक्रमण वाली जगह से घुसपैठियों को निकालना ही काफी नहीं है, क्योंकि वे कहीं और जाकर बस जाएंगे...उन्हें देश से निकालना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को संरक्षण देने की कांग्रेस की नीति ने असम को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, ''अगर कांग्रेस घुसपैठियों से छुटकारा पाने के लिए प्रतिबद्ध है, तो मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूं कि वे इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करें।''

## आतंकवादी खतरा: दिल्ली में प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के पास सुरक्षा बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से सहित राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटीटी) ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास संभावित विस्फोट के खतरे को लेकर अलर्ट



जारी किया है, जो प्रमुख पर्यटन स्थल और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी खुफिया सूचना है कि चांदनी चौक स्थित एक मंदिर को भी निशाना बनाया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि खुफिया जानकारी का सत्यापन और उनका आकलन किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर संवेदनशील धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि लश्कर–ए–तैयबा इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) आधारित हमले को अंजाम देने की कोशिश कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, हमले की यह कथित साजिश आतंकी समूह द्वारा छह फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एक मस्जिद में हुए विस्फोट का बदला लेने के प्रयासों से जुड़ी है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियां और दिल्ली पुलिस की इकाइयां आपस में करीबी समन्वय बनाए हुए हैं और सीसीटीवी निगरानी, वाहनों की जांच व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के माध्यम से निगरानी बढ़ा दी गई है।

### ट्रंप के खिलाफ शीर्ष अदालत के ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में भारतीय मूल के वकील योषिता सिंह

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील हैं, जिन्होंने अमेरिका की शीर्ष अदालत में इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की और जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''विजय।''

## मोदी–लूला वार्ता: भारत और ब्राजील ने 20 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार लक्ष्य तय किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच व्यापक वार्ता के बाद, भारत और ब्राजील ने शनिवार को अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू–राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत–ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया। मोदी ने कहा कि भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक



मानवता के ''दुश्मन''हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लुला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति की उपस्थिति में अपने मीडिया बयान में कहा, ''ब्राजील लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हम अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा व्यापार सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है।'' वर्ष 2024–25 में, भारत–ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर हुआ समझौता लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। मोदी ने कहा, ''रक्षा क्षेत्र में हमारा सहयोग भी लगातार बढ़ रहा है। यह आपसी विश्वास और रणनीतिक समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण है। हम इस लाभकारी साझेदारी को और मजबूत करना जारी रखेंगे।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भारत और ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत होती है।




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 फरवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष पंचमी, 11:09 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 17:53 तक, योग : शुक्ला, 13:00 तक, सूर्योदय: 06:05, सूर्यास्त: 17:36, चन्द्रोदय : 08:55, चन्द्रास्त: 22:23, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 16:07 से 17:33

## साप्ताहिक : राशिफल 22-02-26 से 28-02-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको खांसी, जुकाम, बुखार आदि परेशान कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। इनकम भी बढ़िया रहेगी, परंतु खर्च परेशान कर सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो इनके लिए समय अच्छा रहेगा। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए सप्ताह की शुरुआत थोड़ी परेशानी वाली रहेगी। प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** आने वाला नया सप्ताह वृषभ राशि के जातकों के लिए अच्छा है। आपकी सेहत थोड़ी दिक्कत दे सकती है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए मेहनत करनी होगी, परंतु व्यर्थ के खर्चों से भी बचने का प्रयास करें। व्यापारियों का व्यापार दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय थोड़ा मुश्किल भरा दिखाई दे रहा है। ऑफिस का माहौल परेशानी पैदा करेगा। प्रेम संबंधों की बात करें तो आप अपने प्रिय पात्र के साथ अच्छा समय बिताएंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आपकी सेहत पेट से संबंधित किसी परेशान के चलते बिगड़ सकती है। इस सप्ताह आपका धन अधिक खर्च हो सकता है। महंगी चीज खरीदने से आपका बजट गड़बड़ाएगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। व्यापार बढ़िया चलेगा। नौकरी पेशा वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में ऊंचा पद प्राप्त हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। आप अपने प्रिय पात्र की बातें ध्यान से नहीं सुन पाएंगे।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। मौसम में बदलाव के चलते आपको कफ इत्यादि से परेशानी हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगा, परंतु अचानक से कोई बड़ा खर्चा आ सकता है। करियर और बिजनेस की बात करें तो बिजनेस पार्टनर के खराब स्वास्थ्य के चलते नुकसान उठाना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय बढ़िया है। ओवर कॉन्फिडेंट होने से बचें। प्रेम संबंधों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आप अपने प्रिय पात्र के साथ रोमांटिक रहेंगे। वैवाहिक संबंधों मे तनाव का सामना करना पड़ सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ उतार-चढ़ाव लेकर आ रहा है। अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की जरुरत है। आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। व्यापारियों को कुछ उतार-चढ़ाव से परेशानी हो सकती है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने प्रिय पात्र से मिलने की कोशिश करेंगे, परंतु किसी के हस्तक्षेप से परेशानी हो सकती है। वैवाहिक संबंधों को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी संग घूमने का प्लान बना सकते हैं।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आप मौसम के बदलाव के कारण खांसी जुकाम इत्यादि से परेशान हो सकते हैं। खान-पीन में नियंत्रण बरतें। व्यायाम, योगासन करें। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर सप्ताह बढ़िया रहेगा। धन तो अधिक रहेगा, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे। व्यर्थ के खर्चों से बचें। आपके करियर और व्यवसाय की बात करें तो व्यापार को लेकर आप बहुत अधिक संतोषमय रहेंगे। आपका व्यापार गति पकड़ेगा और आप और दूसरी जगह पर भी नया व्यापार खोल सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। यदि आप किसी पुरानी बीमारी से परेशान है तो उसमें आपको आराम मिल सकता है। आर्थिक स्थिति को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आमदनी कम रहेगी तथा आपके खर्चे बहुत अधिक बड़े रहेंगे। व्यापारियों को तनाव का सामना करना पड़ सकता है। ओवर कॉन्फिडेंस के कारण कोई व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। नौकरी पेशा वाले जातकों को अपने कार्यक्षेत्र में नए ऑफर मिल सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर यह सप्ताह परेशानी वाला रहेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। पेट की खराबी के कारण मुंह में छाले हो सकते हैं। रुपए पैसे की बात करें तो धन से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। परंतु सप्ताह के अंत में आर्थिक स्थिति सुधर सकती है। व्यापारियों को व्यापार में इनकम बहुत अधिक प्राप्त हो सकती है, परंतु खर्च भी बहुत अधिक बने रहेंगे। नौकरी पेशा जातकों को अपने कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। विरोधी विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा, परंतु के कारण आपको पेट दर्द परेशान कर सकता है। आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहने की बहुत अधिक आवश्यकता है। आपकी इनकम तो बहुत अधिक बढ़ सकती है, परंतु खर्चे में बहुत अधिक बढ़ सकते हैं। व्यापारियों के लिए समय बहुत अधिक बढ़िया रहेगा। कोई गवर्नमेंट स्कीम से बहुत बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। नौकरी पैसा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपके कार्य क्षेत्र में आपके सहकर्मी प्रशंसा करते नजर आएंगे।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आप थोड़ा सा सावधान रह सकते हैं। आपको स्किन एलर्जी या पेट दर्द की समस्या परेशान कर सकती है। रुपए पैसे की बात करें तो यह सप्ताह आपके लिए बहुत अधिक अच्छा रहेगा। आपके पुराने कर्ज से मुक्ति मिल सकती है। आर्थिक बचत भी बहुत अधिक हो सकती है। बैंक बैलेंस बढ़ सकता है। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आपको बहुत अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आपके पास धन बहुत अधिक आ सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए समय मिला-जुला रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो स्वास्थ्य को लेकर आपको परेशान होना पड़ सकता है। आपको मौसम के बदलाव से बचना होगा, अन्यथा बीमार हो सकते हैं। आपकी आर्थिक की स्थिति अच्छी रहेगी। आपका इनकम बहुत अधिक रहेगी और खर्च न के बराबर रहेंगे। व्यवसाय को लेकर आप बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे। आपको अपने बिजनेस पार्टनर से बहुत बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ परेशानी वाला रहेगा। अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आपको पेट का दर्द बहुत अधिक परेशान कर सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। आप अपने धन को बचाकर रखें। व्यर्थ के खर्चों से दूर रहें। व्यवसाय की बात करें तो व्यापारी अपनी बुद्धिमानी से अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में सक्षम रहेंगे। नौकरी वाले जातक अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा कार्य करेंगे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये का फसल मुआवजा प्रदान किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 2.51 लाख से अधिक किसानों को फसल मुआवजे के रूप में 285 करोड़ रुपये प्रदान किए और कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न अनिश्चितताओं से बचाया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सहायता वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो किसान अपनी फसलों का बीमा कराते हैं, वे



आपदाओं से होने वाले नुकसान की स्थिति में वित्तीय सहायता के हकदार हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''राज्य के 2.51 लाख किसान परिवारों को फसल क्षति मुआवजे के रूप में 285 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। फसल बीमा यह सुनिश्चित करता है कि किसानों को विपत्ति के समय में आर्थिक सहायता मिले। यह राशि हमारे 'अन्नदाता' के लिए एक सहारा है।'' मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को चेक वितरित किए तथा कल्याणकारी योजनाओं और समय पर वित्तीय सहायता के माध्यम से किसानों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, फसल बीमा मुआवजे के अलावा, आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 3,500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये भी बांटे, जिसके तहत किसान या उसके परिवार के किसी पात्र सदस्य की अचानक मौत होने पर पांच लाख रुपये दिए जाते हैं।

## बिहार में पराली जलाने के कारण 1,800 से अधिक किसानों की सब्सिडी और प्रोत्साहन राशि रोकी गई

**पटना :** बिहार में 2025-26 में पराली जलाने के कारण 1,807 किसानों का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा राज्य विधानसभा में पेश की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार पराली जलाने के खिलाफ सरकार की सलाह का उल्लंघन करने के कारण 2025 में 1,758 किसानों की सब्सिडी और प्रोत्साहन राशि रोक दी गई। इसके अनुसार, इस वर्ष अब तक इसी तरह के उल्लंघनों के लिए 49 और किसानों के डीबीटी पंजीकरण निलंबित कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि डीबीटी किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं के तहत सीधे वित्तीय सहायता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने और मिट्टी की उर्वरता में कमी को रोकने के लिए पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, सरकार ने सख्त चेतावनी जारी की थी कि पराली जलाने वाले किसानों को सरकारी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता और सब्सिडी से वंचित कर दिया जाएगा। राज्य सरकार किसानों को रियायती दरों पर बिजली और सब्सिडी वाली कीमतों पर डीजल समेत अन्य सहायता प्रदान करती है। शुक्ला ने किसानों से जन स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के हित में इस मामले को गंभीरता से लेने का आग्रह किया।

### राजस्थान: सड़क दुर्घटना में दो भाइयों समेत चार मजदूरों की मौत, एसयूवी चालक गिरफ्तार

**कोटा :** राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक संपर्क मार्ग पर मोटरसाइकिल की तेज रफ्तार एसयूवी से हुई आमने-सामने की टक्कर में दो भाइयों समेत चार मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। झालावाड़ डीएसपी हेमंत गौतम ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर शाम गंगधार पुलिस थाना के अंतर्गत करणपुर गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार चारों मजदूर काम के बाद मध्य प्रदेश के सीतामऊ लौट रहे थे। मृतकों की पहचान राजस्थान के सलूम्बर जिला निवासी नरेश मीणा (20), खेमराज मीणा (35), उसका भाई लछीराम मीणा (23) और मध्य प्रदेश के सीतामऊ निवासी राजपाल सिंह राजपूत (30) के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन सभी को मृत घोषित कर दिया। गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ योगी ने बताया कि पुलिस ने एसयूवी चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। योगी ने कहा कि चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

### हरदोई में तालाब में डूबने से दो लड़कियों की मौत

**हरदोई (उप्र) :** हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के रामपुर दहेलिया गांव में तीन नाबालिग लड़कियां तालाब में डूबी गईं, जिनमें से दो की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर को तीनों लड़कियां सिंघाड़ा इकट्ठा करने के लिए तालाब में घुसी थीं। जब वे डूबने लगीं तो एक को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि दो अन्य को बचा नहीं सके। पुलिस के अनुसार, गहन तलाशी अभियान के बाद राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने कमलेश की बेटियों - प्रियंका (12) और आरुषि (13) के शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने एक अन्य लड़की जान्हवी (14) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था।

### चिराग पासवान ने अपनी मां के राज्यसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को खारिज किया

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपनी मां रीना पासवान के आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह राजनीति से दूर रहना चाहती हैं। लोकजनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने शुक्रवार रात पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में यह बात कही।

## झारखंड के निकाय चुनावों के लिए प्रचार थमा, 23 फरवरी को मतदान

**रांची :** झारखंड में रांची समेत 48 नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार शनिवार शाम थम गया। राज्य निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चुनाव के लिए मतदान 23 फरवरी को होंगे और मतगणना 27 फरवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधे श्याम प्रसाद ने कहा, शहरी निकाय चुनावों का प्रचार शनिवार शाम पांच बजे थम गया। मतदान 23 फरवरी को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नियमों के अनुसार मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से 48 घंटे पहले कोई भी व्यक्ति न तो सार्वजनिक सभा बुला सकता है, न ही उसमें भाग नहीं ले सकता है।'' शनिवार को उम्मीदवारों ने समर्थन जुटाने के लिए अंतिम प्रयास किए। अधिकारी ने बताया कि नौ नगर निगमों, 20 नगर परिषदों और 19 नगर पंचायतों के 1,087 वार्डों में 48 महापौर/अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए चुनाव होंगे। महापौर या अध्यक्ष पद के लिए 235 महिलाओं सहित 562 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वार्ड पार्षद पद के लिए 2,727 महिलाओं समेत 5,569 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 41 पार्षद पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं, जबकि तीन वार्ड खाली रह गए क्योंकि वहां से कोई नामांकन नहीं मिला।

## यूपी : अदालत ने पॉक्सो मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया

**प्रयागराज/वाराणसी (उप्र) :** प्रयागराज की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों के साथ यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए झूंसी पुलिस थाने के प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने का शनिवार को आदेश दिया। वहीं, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि ''न्यायालय पर मुझे पूरा यकीन है और मैं न्यायलय के आदेश का सम्मान करता हूं।'' आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और अन्य द्वारा बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत दाखिल आवेदन पर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम)



विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने पिछले सप्ताह साक्ष्यों को देखने और पीड़ित बटुकों का बयान दर्ज करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 69, 74, 75, 76, 79 और 109 के साथ ही पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/5/9 और 17 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का आग्रह करते हुए यह आवेदन दाखिल किया था। अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए झूंसी के थाना प्रभारी को तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने और कानून के मुताबिक मामले की जांच करने का आदेश दिया। यह जांच यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए की जाएगी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा, ''न्यायपालिका ने बच्चों के साथ हुए गलत कृत्यों के मामले की सुनवाई करते हुए झूंसी थाने को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

## जयपुर में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया

**जयपुर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की युवा शाखा द्वारा दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में 'कमीज उतारकर किए गए विरोध' के खिलाफ शनिवार को यहां प्रदर्शन किया। यह विरोध-प्रदर्शन कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय के बाहर किया गया। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय की ओर कूच किया। गोरा ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि कांग्रेस ने एआई समिट में ऐसा प्रदर्शन कर देश की छवि धूमिल की है क्योंकि सम्मेलन



में कई देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नयी दिल्ली स्थित 'भारत मंडपम' में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान एक प्रदर्शनी हॉल में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गोरा ने चेतावनी दी कि अगर ऐसी घटनाएं दोबारा हुईं तो भाजयुमो के कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### गोरखपुर में शादी समारोह में आई आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के पीपीगंज थाना इलाके में एक शादी समारोह में परिजनों संग शामिल होने आई आठ वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आठ वर्षीय बच्ची अपनी दादी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने ननिहाल पीपीगंज इलाके में आई थी। पुलि ने बताया कि शुक्रवार देर रात बच्ची अचानक लापता हो गई और उसकी तलाश शुरू की गई। उसने बताया कि कार्यक्रम की ड्रोन रिकॉर्डिंग की फुटेज देखने पर, बच्ची को एक स्थानीय युवक के साथ जाते हुए देखा गया। पुलिस के मुताबिक, बच्ची कुछ घंटों बाद आयोजन स्थल से लगभग 200 मीटर दूर एक सुनसान जगह पर मिली और वह गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ थी। पुलिस ने बताया कि बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण, डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सा अधिकारियों ने बच्ची की हालत गंभीर बताई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान अशोक निषाद उर्फ टुनटुन (20) के तौर पर हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुराग सिंह ने बताया कि दुष्कर्म और यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## गुयाना के उपराष्ट्रपति ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन किये



**अयोध्या (उप्र) :** गुयाना गणराज्य के उपराष्ट्रपति डॉ. भरत जगदेव ने शनिवार को अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन किये, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक बयान के अनुसार, जगदेव सुबह करीब 11 बजे एक निजी विमान से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचे। पारंपरिक शंखनाद और अन्य अवधी रीति-रिवाजों के बीच, राज्य सरकार की ओर से अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी सहित जन प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। बाद में जगदेव सड़क मार्ग से मंदिर परिसर की ओर बढ़े और भगवान राम के दर्शन किए। बयान के मुताबिक, अपनी लगभग एक से डेढ़ घंटे तक चली यात्रा के दौरान गुयाना के उपराष्ट्रपति ने कुबेर टीला और सप्त ऋषि मंदिर सहित परिसर के भीतर अन्य मंदिरों का भी दौरा किया। राम मंदिर परिसर में मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने उपराष्ट्रपति जगदेव का स्वागत किया। मिश्रा के अनुसार, जगदेव ने जारी निर्माण कार्य की भव्यता की प्रशंसा की।

## बिहार के मुख्यमंत्री ने पैदल यात्रियों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अधिकारियों को भीड़भाड़ वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल यात्रियों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिये अवरोधक, पैदल पार पथ, अंडरपास बनाने और जेब्रा क्रॉसिंग चिह्नित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं और इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे, जिससे स्थिति का आकलन कर सड़क हादसों को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राज्य सरकार ने सड़क पर चलने वाले नागरिकों की गरिमा और सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। परिवहन विभाग को भीड़भाड़ वाले शहरी और ग्रामीण



क्षेत्रों में जल्द से जल्द जेब्रा क्रॉसिंग, अवरोधक, पैदल पार पथ और अंडरपास बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया, विभाग को राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 'ब्लैक स्पॉट', यानी उन जगहों की पहचान करने का भी निर्देश दिया गया है, जहां सड़क दुर्घटनाओं की अत्यधिक संभावना रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी जगहों पर पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ बनाने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की 'सात निश्चय-3' पहल के हिस्से के रूप में लिया गया है। इस 'सात निश्चय' (सात संकल्प) का उद्देश्य 'सबका सम्मान-जीवन आसान' है, ताकि राज्य के सभी नागरिकों के जीवन की कठिनाइयों को कम किया जा सके।

## वर्ग पहेली नं. 3359

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | | ■ | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | ■ | 10 | | 11 |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | 15 | | ■ | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | ■ |
| 21 | | 22 | | ■ | 23 | 24 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 25 | ■ | | ■ | 26 | 27 |
| 28 | | | ■ | 29 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 2) हिस्सा, 4) समूल नष्ट, 6) अनाप-शनाप बकना, 8) अस्वीकृति, 10) कामयाब, 12) हुनर, 13) कुली, 16) शांतिकाल, 17) कौशल्येय, 18) डैना, 19) मृत्यु, 20) बेसन लच्छा, 21) माधुर्यपूर्ण, 23) सदाचारी, 26) आलसी, 28) चुनना, 29) अस्तव्यस्त.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अकस्मात, 2) वस्त्र, 3) संदेह, 4) सज्जन, 5) बुरा; अयोग्य, 7) छींक, 9) असाक्षरता, 11) अंगीकार, 13) जादूगरनी, 14) एक भारतीय शहर, 15) आप और मैं, 18) बजरंगबली, 20) परिचर्या, 21) पियक्कड़, 22) अग्रिम धन; पेशगी, 24) कमज़ोर; तर्कहीन, 25) हानि, 27) सतह.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ | च्च | ■ | ह | रा | म | ख़ो | र | ■ | म |
| बा | ■ | प | ल्ला | ■ | नो | ■ | ग | ह | न |
| न | ज़ | र | ■ | तु | रं | त | ■ | ज | मा |
| बं | ■ | चा | ल | ■ | ज | वा | नी | ■ | र |
| दी | दी | ■ | ग | म | न | ■ | ला | द | ना |
| ■ | वा | म | न | ■ | ■ | स | म | र | ■ |
| न | र | क | ■ | क | व | च | ■ | ख़ा | ■ |
| चा | ■ | रं | ग | बा | ज़ | ■ | म | स्त | क |
| ना | र | द | ■ | ब | ह | का | ना | ■ | क्षा |

## सुडोकू-पहेली-3317

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 6 | | | | 9 | |
| | | | | 8 | | | 4 | 5 |
| | | | 2 | | | | | |
| | | 9 | 7 | 1 | | | | |
| | | | | 5 | 3 | | | 8 |
| | 7 | | | | | | | 3 |
| 9 | 6 | | | | | 8 | | |
| 4 | | | 1 | | | | | |
| | | 2 | 5 | | | | | 7 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3316 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 | 6 |

# ममता ने भाजपा सांसद अनंत महाराज को बंगबिभूषण से नवाजा

**❑ मातृभाषा दिवस कार्यक्रम के मंच पर भाजपा सांसद और ममता एक साथ दिखे, अटकलें तेज**

**❑ राजवंशी नेता अनंत महाराज ने भाजपा व केंद्र सरकार पर जोरदार निशाना साधा**



**कोलकाता :** बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बड़ा सियासी दांव चलते हुए भाजपा के राज्यसभा सदस्य व राजवंशी समुदाय के प्रमुख नेता अनंत महाराज को राज्य के सर्वोच्च सम्मान बंगबिभूषण से सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राज्य सरकार द्वारा शाम में कोलकाता के देशप्रिय पार्क में आयोजित समारोह में भाजपा सांसद ममता के साथ एक मंच पर व उनके बगल में बैठे दिखे। इस दौरान ममता ने अनंत महाराज सहित राज्य के नौ हस्तियों को बंगबिभूषण जबकि 16 लोगों को बंग भूषण सम्मान से सम्मानित किया। ममता ने अनंत महाराज को उतरीय पहनाकर और ममेंटों भेंट कर उनका अभिवादन किया। ममता ने उनकी प्रशंसा भी की और दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस मौके पर अनंत महाराज ने इस सम्मान के लिए ममता का आभार जताते हुए राजबंशी समुदाय के अग्रणी नेता रहे चिला राय की लिखी एक कविता भी सुनाई। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में अनंत महाराज ने भाजपा व केंद्र सरकार पर जोरदार निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उत्तर बंगाल और कोच व राजवंशी समुदाय के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल को लगातार वंचित किया जा रहा है। इसकी कोई सीमा नहीं है।

इधर, विधानसभा चुनाव से पहले उनके ममता के साथ मंच साझा करने और राज्य सरकार द्वारा उन्हें बंगबिभूषण सम्मान से सम्मानित किए जाने के बाद राजनीतिक गलियारो में उनके तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाएं तेज हो गई है। राजनीतिक जानकार उन्हें यह सम्मान दिए जाने के ममता के इस फैसले को राजनीति से प्रेरित बताकर आगामी चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। कहा जा रहा है कि ममता ने यह कदम राजवंशी समुदाय से जुड़े मतदाताओं को अपनी ओर खींचने के लिए उठाया है। अनंत महाराज जिस राजवंशी समुदाय से आते हैं, उसका उत्तर बंगाल के कई जिलों में बड़ा जनाधार है। यह बंगाल में सबसे बड़ा अनुसूचित जाति समुदाय है। अनंत महाराज कई वर्षों से अलग ग्रेटर कूचबिहार राज्य की मांग भी करते रहे हैं।

**❑ भाजपा की सधी हुई प्रतिक्रिया**

अनंत महाराज को बंगबिभूषण सम्मान मिलने व ममता के साथ मंच साझा करने पर भाजपा ने संक्षिप्त व सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों के सवाल पर केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि राज्य सरकार ने बंगबिभूषण दिया, उन्होंने ले लिया। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि अच्छा है। उसके बाद उन्होंने कहा कि अनंत महाराज राज्यसभा में मेरे साथी हैं। उन्हें बंगबिभूषण मिला, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

**❑ पहले भी ममता ने बढ़ाया था दोस्ती का हाथ**

बता दें कि ममता पहले भी अनंत महाराज की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा चुकी थीं। पिछले साल लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद ममता ने उत्तर बंगाल के अपने पहले दौरे में कूचबिहार में अनंत महाराज के घर गई थीं। महाराज पिछले कुछ समय से भाजपा से दूरी बनाकर चल रहे थे। हाल में उन्होंने एसआइआर पर भी आपत्ति जताई थी। मालूम हो कि दो दिन पहले ही उत्तर बंगाल के कर्सियांग से भाजपा विधायक बिष्णु प्रसाद शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा था।

# बंगाल में एसआइआर के तहत 30 लाख और नाम जांच के दायरे में

**❑ दस्तावेजों में बड़ी संख्या में सामने आईं विसंगतियां**

**❑ एआइ निर्मित मतदाता पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र आदि शामिल**

**कोलकाता :** चुनाव आयोग ने बंगाल में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया अंतर्गत अनधिकृत दस्तावेजों के कारण कुल 30 लाख नामों को पुन: सत्यापन के लिए भेजा है। इनके दस्तावेजों में बड़ी संख्या में विसंगतियां सामने आई हैं। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) से निर्मित मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआइसी) से लेकर पुरुष मतदाताओं जन्म प्रमाणपत्र के सत्यापन के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आइसीडीएस) प्रमाणपत्रों के जमा करने तक शामिल है।

आयोग सूत्रों के अनुसार कई ऐसे मामले मिले हैं जिनमें या तो सहायक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे या मतदाता दस्तावेज देने में आनाकानी कर रहे थे, या फिर मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) ने दस्तावेज अपलोड नहीं किए थे। कई मामलों में, फर्जी दस्तावेज जमा किए गए थे और ईआरओ और एईआरओ ने ऐसे फर्जी दस्तावेजों को मंजूरी दे दी। एक सूक्ष्म पर्यवेक्षक ने बताया कि यह तकनीक का दुरुपयोग है और चुनावी प्रणाली के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। गहन जांच के दौरान जन्म प्रमाणपत्रों में विसंगतियां पाई गईं। ऐसे कई उदाहरण थे जहां मतदाता के जन्म के 10 या 20 साल बाद जन्म प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। कई मामलों में मतदाता व उनके बच्चों की उम्र में दो से चार महीने का अंतर पाया गया है। एसआइआर के पहले चरण में राज्य में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट होने के आधार पर 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, 10 लाख और नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की संभावना है।

# 'सुप्रीम' निर्देश के बावजूद एसआईआर में निष्क्रियता का आरोप, अभिषेक ने साझा किया कथित चैट स्क्रीनशॉट

**कोलकाता :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने वाली है। इस बीच प्रक्रिया को लेकर विवाद तेज हो गया है। अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कथित व्हाट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को कार्यक्षेत्र में निष्क्रिय कर दिया गया है।



यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि नाम विलोपन के मामलों में अंतिम निर्णय का अधिकार ईआरओ के पास होगा और कोई अन्य अधिकारी इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

अभिषेक द्वारा साझा किए गए स्क्रीनशॉट में कथित रूप से राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के बीच बातचीत दिखाई गई है। इसमें सीईओ द्वारा सवाल उठाया गया है कि ईआरओ अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर क्यों काम कर रहे हैं। जवाब में जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि यह केवल निगरानी के उद्देश्य से किया जा रहा है।

अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि इससे स्पष्ट है कि अंतिम मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में निर्धारित भूमिकाओं का उल्लंघन हो रहा है। उनका दावा है कि सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) द्वारा सूची की समीक्षा करना 9 फरवरी के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। साथ ही, यदि कोई व्यक्ति सुनवाई में अनुपस्थित रहा हो लेकिन बाद में वैध दस्तावेज जमा करे, तो उसका नाम सूची में शामिल किया जाना चाहिए-इस नियम का भी पालन नहीं हो रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संबंधित अनिश्चितताओं को दूर करना ईआरओ की जिम्मेदारी है। अंतिम सूची जारी होने से पहले ऐसी कथित अनियमितताओं पर उन्होंने आपत्ति जताई और भाजपा पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से हटने नहीं दिया जाएगा और इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मामले को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है।

# एसआईआर : न्यायालय के निर्देशों के बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय में उच्च स्तरीय बैठक

**कोलकाता :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद पर एक उच्च स्तरीय बैठक उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत शनिवार अपराह्न में कलकत्ता उच्च न्यायालय में शुरू हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया



कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का उद्देश्य उच्चतम न्यायालय द्वारा अनिवार्य न्यायिक निगरानी के लिए एक ढांचा बनाना है। यह बैठक उच्चतम न्यायालय के उस निर्देश के बाद हुई है जिसमें कहा गया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के शेष चरण न्यायिक अधिकारियों और पूर्व न्यायाधीशों की देखरेख में किए जाने चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ ने कहा कि इस बैठक से सभी हितधारकों को अपने विचार रखने और मौजूदा जटिलताओं को सुलझाने के साथ-साथ आगे की राह के बारे में स्पष्ट निर्देश प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर अप्रसन्नता जताते हुए राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल से पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए कुछ न्यायिक अधिकारियों को मुक्त करने और पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिये कहा। पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 'ए' श्रेणी के पर्याप्त अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ा रुख अपनाया। मुख्य न्यायाधीश पॉल को शनिवार को एक बैठक बुलाने के लिए कहा गया है जिसमें एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को अंतिम रूप देना है।

# एसआइआर के बीच बंगाल में नागरिकता आवेदनों के लिए विशेष समिति गठित

## विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय का फैसला

**कोलकाता :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर) के विवादों के बीच केंद्र सरकार ने बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले नागरिकता से जुड़े आवेदनों की जांच और मंजूरी के लिए एक विशेष समिति बना दी है। गृह मंत्रालय ने 20 फरवरी 2026 को आदेश जारी कर बताया कि यह समिति नागरिकता अधिनियम 1955 और उसके नियमों के तहत बनाई गई है।

यह समिति मुख्य रूप से उन लोगों के आवेदन देखेगी जो संशोधित नागरिकता कानून(सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता लेना चाहते हैं। समिति की अध्यक्षता बंगाल के जनगणना संचालन निदेशालय के डिप्टी रजिस्ट्रार जनरल करेंगे। इसके अलावा इसमें खुफिया ब्यूरो, विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी), डाक विभाग और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

केंद्रीय गृह विभाग की ओर से कहा गया है कि यह समिति आवेदन की जांच, दस्तावेजों की पुष्टि और नागरिकता देने की सिफारिश जैसे काम करेगी। यह व्यवस्था नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 के तहत बनाई गई प्रक्रिया का हिस्सा है। सीएए के अनुसार पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता पाने का रास्ता दिया गया है।

**❑ नागरिकता आवेदनों की जांच प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद**

बंगाल की बांग्लादेश से लंबी सीमा होने और यहां पहले से प्रवासियों के आने के कारण इसे महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है। नई समिति बनने से अलग-अलग सरकारी एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ेगा और नागरिकता आवेदनों की जांच प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। बता दें कि, सीएए को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं।



# आनंदपुर अग्निकांड:26 दिन बाद 18 परिवारों को सौंपे गए अपनों के शव के अवशेष

**❑ डीएनए मिलान से हुई पहचान, अब भी नौ शवों की पहचान होना है बाकी?**

**कोलकाता :** महानगर के आनंदपुर स्थित गोदाम में पिछले महीने हुई भीषण आग की त्रासदी के 26 दिन बाद, शनिवार को अपनों की राह देख रहे परिवारों का इंतजार आंसुओं के साथ समाप्त हुआ। पुलिस प्रशासन ने डीएनए मिलान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 18 मृतकों के अवशेषों को उनके परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि, लापता बताए गए 27 लोगों में से अभी भी नौ शवों की पहचान होना बाकी है, जिसके



लिए फोरेंसिक विभाग की जांच जारी है।

शनिवार सुबह से ही कांटापुकुर मुर्दाघर के बाहर परिजनों की भारी भीड़ जमा थी। जिन 18 शवों की शिनाख्त हुई है, उनमें से अधिकांश श्रमिक पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना के निवासी थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवशेष सौंपने के साथ ही इन परिवारों को जल्द ही मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिए जाएंगे ताकि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा सकें।

इस त्रासदी की मानवीय पीड़ा उस समय और गहरी हो गई जब पूर्व मेदिनीपुर के निरंजन मंडल ने बताया कि उन्होंने इस आग में अपने बेटे रामकृष्ण (18) और भाई गोविंद (39) को खो दिया। निरंजन ने रुंधे गले से कहा कि बेटे का डीएनए मैच हो गया है, लेकिन भाई का अभी तक नहीं हुआ। फिर भी हमने मान लिया है कि वह अब नहीं रहे। परिवार ने 14 मार्च को दोनों का श्राद्ध कर्म करने का निर्णय लिया है।

**❑ अग्निकांड की पृष्ठभूमि**

गौरतलब है कि 25 जनवरी की देर रात आनंदपुर स्थित दो गोदामों में भीषण आग लग गई थी। करीब 72 घंटों तक चले तलाशी अभियान के बाद पुलिस को जले हुए अवशेष मिले थे, जिनकी पहचान करना शारीरिक रूप से असंभव था। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने परिजनों के रक्त के नमूने लेकर डीएनए प्रोफाइलिंग की।

**❑ मुआवजे पर उठे सवाल**

राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 10-10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की थी। वहीं, 'वाओ मोमो' संस्था ने भी अपने मृत कर्मियों के परिवारों को सहायता राशि प्रदान की है। हालांकि, कई हलकों में यह सवाल भी उठा है कि जब तक आधिकारिक रूप से पहचान और मृत्यु की पुष्टि नहीं हुई थी, तब तक मुआवजे का वितरण कैसे कर दिया गया। फिलहाल, बाकी नौ परिवारों को अगले दौर की डीएनए रिपोर्ट का इंतजार करने को कहा गया है।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा के लिए दो मार्च को राजनाथ सिंह आएंगे हावड़ा

**❑ पहली यात्रा एक मार्च को कूचबिहार, कृष्णानगर, कुल्टी, गरबेत्ता और रायदिघी और दो मार्च को इस्लामपुर, संदेशखाली, हासन और अमता से शुरू होंगी**



**कोलकाता :** बंगाल में भाजपा ने विधानसभा चुनाव को राज्य के अलग अलग हिस्सों से नौ परिवर्तन यात्राएं निकालने जा रहा हैं। दो मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसकी शुरुआत करेंगे। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आदि भी अलग अलग जगहों पर पहुंचेंगे।

सभी विधानसभाओं को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। यात्राओं को राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता नेतृत्व देंगे। इस अवसर पर साठ से ज्यादा बड़ी सभाएं और तीन सौ से अधिक छोटी सभाएं आयोजित होंगी। सभी यात्राओं का समापन मार्च के अंत में कोलकाता में होगा। इस मौके पर एक विशाल रैली का आयोजन होगा जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो मार्च को हावड़ा आएंगे और परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे और एक बड़ी रैली को भी संबोधित करेंगे। भाजपा का कहना है कि नौ चरणों में परिवर्तन यात्राएं आयोजित की जाएंगी। बंगाल भाजपा यात्रा रूट पर 64 बड़ी सभाएं व रैलियां और 300 छोटी रैलियां आयोजित करेंगी। कोलकाता के 29 विधानसभा इलाकों में झांकियां और कैंपेन होंगे। पहले चरण में एक मार्च को परिवर्तन यात्राएं कूचबिहार, कृष्णनगर, कुल्टी, गरबेता और रायदिघी से शुरू होंगी। 2 मार्च को, यात्राएं इस्लामपुर, संदेशखाली, हसन और अमता से शुरू होंगी।

होली की वजह से तीन और चार मार्च को यात्रा नहीं निकलेंगी। फिर पांच मार्च को फिर से शुरू होगी। नौ यात्राएं 5,000 किलोमीटर का सफर तय करेंगी और बंगाल के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेंगी।

# मुर्शिदाबाद में शिक्षक ने बच्चों पर किया एयर गन का इस्तेमाल, एक जख्मी

**घर की दीवार से गेंद टकराने पर दिया घटना को अंजाम**

**कोलकाता :** बंगाल के मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में खेल के मैदान से गेंद घर की दीवार से जा टकराने पर प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक ने गुस्से में बच्चों को निशाना कर एयर गन का इस्तेमाल किया। इस घटना में एक बच्चे को एयर गन के छर्रे से गंभीर चोट लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपित शिक्षक समीर कुमार मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बानीपुर गांव में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान गेंद कई बार शिक्षक समीर के घर के दरवाजे और दीवार से टकराई। आरोप है कि इससे शिक्षक को गुस्सा आ गया और उसने मैदान में खेल रहे बच्चों पर अपनी एयर गन का इस्तेमाल किया। बच्चों ने बताया कि अचानक उन्होंने देखा कि शिक्षक छत से हम पर एयर गन से निशाना बना रहा है। गन के छर्रे किसी के कान के पास से तो किसी के सिर के ऊपर से निकल रहे थे। एक छर्रा उनके एक साथी की बांह पर जा लगा और वह दर्द से कराहते हुए मैदान पर गिर पड़ा। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद रघुनाथगंज थाने की पुलिस आरोपित शिक्षक गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित शिक्षक ने कहा कि उसने गुस्से में इस घटना को अंजाम दिया है।

# जेआईएस विश्वविद्यालय ने 6वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न मनाया

**❑ 1,450 डिग्रियां और डिप्लोमा प्रदान किए गए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस विश्वविद्यालय ने शनिवार को अपने 6वें दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का भव्य और औपचारिक रूप से जश्न मनाया। समारोह में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें पद्म भूषण प्रो. डॉ. शिव कुमार सरिन, चांसलर और निदेशक, आईएलबीएस, नई दिल्ली; न्यायाधीश पिनाकी चंद्र घोष, भारत के पहले लोकपाल और पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश; सरदार तरणजीत सिंह, चांसलर, जेआईएस विश्वविद्यालय और प्रबंध निदेशक, जेआईएस समूह; प्रो. भास्कर गुप्ता, कुलपति; और प्रो. गौतम घोष, प्रो-वाइस चांसलर शामिल थे।

समारोह की शुरुआत शैक्षणिक शोभायात्रा और प्रार्थना से हुई, इसके




बाद प्रो-वाइस चांसलर ने स्वागत भाषण दिया। चांसलर सरदार तरणजीत सिंह ने समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया, और कुलपति प्रो. भास्कर गुप्ता ने पिछले वर्ष की शैक्षणिक उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस वर्ष कुल 1,450 छात्रों को डिग्रियां और डिप्लोमा प्रदान किए गए, जिनमें 999 स्नातक, 315 स्नातकोत्तर, 121 डिप्लोमा और 15 पीएच.डी. शामिल हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 38 छात्रों को गोल्ड मेडल, 30 को सिल्वर मेडल और 24 को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। तीन छात्रों को चांसलर गोल्ड मेडल, एक बेस्ट ऑल-राउंड ग्रेजुएट अवार्ड और तीन विशेष प्रशंसा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। डिग्रियां विभिन्न संकायों में दी गईं, जिनमें इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, विज्ञान, शिक्षा, कानून, हॉस्पिटैलिटी, कृषि और अनुसंधान शामिल हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए सरदार तरणजीत सिंह ने कहा, यह दीक्षांत समारोह जेआईएस विश्वविद्यालय के लिए गर्व का पल है। हम अपने छात्रों की मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं। जैसे ही वे अपने अगले चरण की यात्रा में प्रवेश करते हैं, हमें विश्वास है कि वे ज्ञान, नवाचार और ईमानदारी के मूल्यों को बनाए रखेंगे और समाज तथा राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान देंगे।

# शशि थरूर मानद डीलिट की उपाधि से सम्मानित

**❑ कोलकाता के सेंट जेवियर विश्वविद्यालय ने किया सम्मानित, भारत में उनकी पहली मानद डीलिट उपाधि**

**कोलकाता :** राजनयिक से कांग्रेस सांसद बने शशि थरूर को शनिवार को कोलकाता स्थित सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षा समारोह में मानद डाक्टर आफ लेटर्स (डीलिट) की उपाधि से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने भारत में अपनी पहली मानद डाक्टरेट बताया। यह समारोह न्यू टाउन स्थित बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जहां 1,052 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं। 25 पीएचडी शोधार्थियों को सम्मानित किया गया और 17 छात्रों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। थरूर ने समाज की सेवा के रूप



में शिक्षा के अंतिम उद्देश्य को रेखांकित करते हुए छात्रों से नागरिक उत्तरदायित्व को अपनाने का आग्रह किया। शिक्षा जगत में महिलाओं की प्रगति की भी सराहना की और कहा कि कई स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का भविष्य ऐसे नागरिकों द्वारा गढ़ा जाएगा जो कौशल और संवेदनशीलता का सही संयोजन करते हैं।

## बी.टी. रोड पर मोटरसाइकिल फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता :** चितपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना रात लगभग 23:45 बजे बी.टी. रोड स्थित बोरोलाइन टावर के समीप, कोलकाता-2 क्षेत्र में हुई।प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान दीप भोज (उम्र 22 वर्ष), निवासी लॉक गेट रोड, चितपुर के रूप में हुई है। वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था। बताया गया है कि मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर फिसलकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन के फिसलने के कारण युवक सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसे शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हालांकि, दुर्घटना के समय वह हेलमेट पहने हुए था, जिससे सिर पर गंभीर चोट की आशंका कम बताई जा रही है।

## बी.टी. रोड पर कूड़े के ढेर में लगी आग, दमकल ने समय रहते पाया काबू

**कोलकाता :** कोलकाता के उत्तरी डिवीजन अंतर्गत ताला थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम कूड़े के ढेर में आग लगने की घटना सामने आई। दोपहर लगभग 16:25 बजे 90, बी.टी. रोड, कोलकाता-02 के सामने स्थित एक कूड़े के ढेर में हुई। स्थानीय लोगों ने कूड़े के ढेर से धुआं और आग की लपटें उठती देख तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग और ताला थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों की तत्परता के कारण आग को कम समय में ही पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या किसी व्यक्ति के फंसने की सूचना नहीं है। किसी के घायल होने की भी खबर नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री राम नाथ ठाकुर ने आईसीएआर-एनआईएनएफईटी की उपलब्धियों की समीक्षा की

**❑ किसानों की आय बढ़ाने और नए प्राकृतिक रेशों पर जोर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय राज्य मंत्री, राम नाथ ठाकुर ने शनिवार को आईसीएआर-राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशे इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीएआर-एनआईएनएफईटी), कोलकाता का दौरा किया और संस्थान की उपलब्धियों, अनुसंधान कार्य और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ने संस्थान द्वारा प्राकृतिक रेशों में तकनीकी हस्तक्षेप, उत्पादन सुधार और मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों के लिए किए गए योगदान का जायजा लिया। उन्होंने अब तक लाभान्वित किसानों की संख्या, तकनीकी पहुंच और इन पहलों के कारण किसानों की आय में हुई वृद्धि की विस्तृत




जानकारी ली। श्री ठाकुर ने दोहराया कि किसानों की समृद्धि भारत सरकार की प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुरूप उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने संस्थान को निर्देश दिया कि वह किसानों की आय बढ़ाने, विस्तार तंत्र मजबूत करने और प्रौद्योगिकियों के व्यापक प्रचार-प्रसार का समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

मंत्री को नए युग के प्राकृतिक रेशों जैसे फ्लैक्स, रामी, सिसाल और केले के रेशों को बढ़ावा देने की योजना की जानकारी दी गई। अगले पांच वर्षों में संस्थान इन क्षेत्रों में व्यापक अनुसंधान और तकनीक के प्रभावी हस्तांतरण पर काम करेगा। वन टीम, वन टास्क दृष्टिकोण के तहत आईसीएआर संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग कर रहे हैं। आईसीएआर-एनआईएनएफईटी ने नए युग के प्राकृतिक रेशों के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर एक समग्र परियोजना तैयार की है।

मंत्री ने वेस्ट टू वेल्थ पहल पर भी जोर दिया, जिसमें कृषि अवशेषों से रेशा निकालकर अतिरिक्त आय और सतत संसाधन उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने वैज्ञानिकों की सराहना की और अनुसंधान, उद्योग सहयोग और किसान संपर्क को तेज करने का आग्रह किया। इस अवसर पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा आईसीएआर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों के बीच झड़प में हस्तक्षेप करने की कोशिश में जादवपुर विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर घायल

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित जादवपुर विश्वविद्यालय के परिसर में छात्रों के दो समूहों के बीच हुई झड़प में हस्तक्षेप करने की कोशिश में विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर घायल हो गए। पुलिस ने घटना की पुष्टि की लेकिन कहा कि दोनों पक्षों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) चुनावों को लेकर शुक्रवार शाम को हुई झड़प में दो शिक्षकों को छात्रों के एक समूह ने धक्का दिया, घूंसे मारे और उन पर हमला किया, जिससे एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद तब शुरू हुआ जब माकपा की छात्र शाखा एसएफआइ से जुड़े प्रथम वर्ष के छात्र चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान प्रतिद्वंद्वी समूह 'वी द इंडिपेंडेंट' के सदस्यों से उनकी झड़प हुई। दोनों पक्षों के समर्थक जल्द ही मौके पर जमा हो गए, औ बहस हाथापाई में तब्दील हो गई। अधिकारी ने बताया कि पास में मौजूद दो प्रोफेसरों राजेश्वर सिन्हा और ललित ललितव महाकुध ने स्थिति को शांत करने के लिए हस्तक्षेप करने की कोशिश की। पर हाथापाई के दौरान दोनों पर हमला किया गया। एसएफआइ के छात्रों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल ले गए। सिन्हा को आंख में घूंसा लगने से चोटें आईं और उनके चश्मे टूट गए, जिससे उनकी नाक पर कट लग गया। महाकुध को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि सिन्हा को निगरानी में रखा गया है। इस घटना की निंदा करते हुए यादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति चिरंजीब भट्टाचार्य ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व घटना है और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकना होगा। इस घटना के संबंध में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

यादवपुर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 8बी बस स्टैंड के पास कैंपस गेट के बाहर तैनात हमारे पुलिसकर्मियों ने कुछ हलचल सुनी। सुरक्षा गार्डों ने हमें अनौपचारिक रूप से झड़प के बारे में बताया। लेकिन चूंकि विश्वविद्यालय अधिकारियों की अनुमति के बिना पुलिस कैंपस में प्रवेश नहीं कर सकती, इसलिए हमने हस्तक्षेप नहीं किया। किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# पूर्व एमएमआईसी स्वर्गीय हृदयानंद गुप्ता की 79 वीं जयंती मनाई गई



**कोलकाता :** कोलकाता के स्टैंड बैंक रोड स्थित मल्लिक घाट फूल बाजार में व्हाइट वेलफेयर समिति के तत्वाधान में पूर्व एमएमआईसी स्वर्गीय हृदयानंद गुप्ता की 79 वीं जयंती मनाई गई। तृणमूल के पूर्व विधायक संजय बख्शी समारोह में पहुंचे थे। वहां उन्होंने उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर समिति के जनरल सेक्रेटरी अनिल कुमार गुप्ता ने भी माल्यार्पण किया और उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया। मौके पर पोस्ता मुठिया मजदूर यूनियन के महासचिव अनिल सिंह पटेल, कोलकाता नगर निगम के 22 नंबर वार्ड के तृणमूल अध्यक्ष वरुण मल्लिक और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप सरकार, टीएमसी लीडर तारकेश्वर दुबे, पोस्ता मोटिया मंजदुर यूनियन के टीएमसी वरिष्ठ लीडर राजु तिवारी, समाजसेवी नेता दारा सिंह व अन्य ने भी हृदयानंद गुप्ता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

# श्री पंचमुखी हनुमान भक्त मंडल मानिकतल्ला की नई कार्यकारिणी घोषित, सभी पदाधिकारियों के नाम जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री पंचमुखी हनुमान भक्त मंडल मानिकतल्ला की नई कार्यकारिणी वर्ष 2026 के लिए घोषित कर दी गई है। मंडल द्वारा जारी सूची में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के नाम औपचारिक रूप से जारी किए गए। प्रधान संरक्षक पद पर बजरंग लाल अग्रवाल को चुना गया है। संरक्षक पद में अरुण कुमार जायसवाल, गौतम गुप्ता, मेवा लाल जायसवाल, रबीन्द्रनाथ जायसवाल, दीपक जायसवाल, समरजीत साहा, ओमप्रकाश जायसवाल और प्रेम नाथ गुप्ता शामिल हैं।

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लालता प्रसाद जायसवाल को सौंपी गई है। उपाध्यक्ष के रूप में विकास जायसवाल, कृष्णा कुमार जायसवाल और राजेश कुमार साव को मनोनीत किया गया है। सलाहाकार समिति में शिव कुमार गुप्ता, रतन जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, हरि प्रसाद जायसवाल और संजय जायसवाल



को शामिल किया गया है।

महामंत्री पद पर प्रशांत गुप्ता नियुक्त हुए हैं। उपमंत्री के रूप में राहुल चौरसिया, मानिक सोनकर और बिनोद जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर संतोष जायसवाल एवं रितेश जायसवाल नियुक्त किए गए हैं। सहायक कोषाध्यक्ष के रूप में प्रमोद शर्मा, पंडित कन्हैया लाल और विकास शर्मा को चुना गया है। कमेटी इंचार्ज के रूप में भोला सोनकर, रतन जायसवाल और रमेश साव को दायित्व सौंपा गया है। महिला प्रकोष्ठ कमेटी में अध्यक्ष सुमित्रा देवी जायसवाल, मंत्री कंचन जायसवाल और कोषाध्यक्ष सिंधु जायसवाल नियुक्त हुई हैं।

कार्यकारी सदस्यों में प्रकाश गुप्ता, अमित जायसवाल, शैलेन्द्र सेठ, संदीप जायसवाल, प्रकाश जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, पंकज गुप्ता, अनुज जायसवाल, जितेश गुप्ता तथा संतोष जायसवाल को शामिल किया गया है। अन्य कार्यकारी सदस्यों की नियुक्ति बाद में की जाएगी।

# कोलकाता में 'ट्रेस' प्रदर्शनी जारी, चाणक्य स्कूल की पहली एकल प्रस्तुति 21 मार्च तक

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक्सपेरिमेंटर के बालीगंज प्लेस स्थित परिसर में 'ट्रेस' शीर्षक प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्वावलोकन 13 फरवरी को आयोजित किया गया। यह प्रदर्शनी 21 मार्च 2026 तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। 'ट्रेस' भारत में चाणक्य स्कूल की पहली एकल प्रदर्शनी है, जिसका नेतृत्व करिश्मा स्वाली कर रही हैं। प्रदर्शनी स्वदेशी वस्त्र तकनीकों, सामग्री अन्वेषण और विरासतगत ज्ञान प्रणालियों के माध्यम से समकालीन चिंतन और पारंपरिक प्रक्रियाओं के बीच सेतु स्थापित करती है। केंद्र में विशाल त्रिपटिक 'ट्रेस श्रृंखला (खखख-त)' है, जिसमें धागों और कांच के मनकों की बहुपरत संरचनाएं समय और स्मृति के निशान रचती हैं। इसके साथ बुने हुए वस्त्र पैनल, पाषाण



मूर्तियां और 'ड्वेलिंग' जैसी स्थापत्य कृतियां प्रदर्शित हैं, जो कच्छ के पारंपरिक 'भुंगा' रूपों से प्रेरित हैं। प्रदर्शनी में महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका, बुनाई की प्रारंभिक प्रक्रियाएं और शिल्प परंपराओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया है। पुनर्चक्रित बीज, जैविक धागों और प्राकृतिक रंगों से निर्मित कृतियां वस्त्र को स्मृति, पहचान और सामुदायिक इतिहास के जीवंत अभिलेख के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

# जागृति शिक्षा निकेतन, पांडू बना वंचित बच्चों की शिक्षा का सशक्त केंद्र

**मालीगांव :** जागृति शिक्षा निकेतन, पांडू ने शनिवार को मालीगांव स्थित रंग भवन, मालीगांव में अपना वार्षिक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव तथा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष शालिनी श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। वर्ष 1975 में पांडू के रेलवे परिसर में स्थापित यह विद्यालय पांडू और मालीगांव क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। प्ले ग्रुप से कक्षा पांच तक के 160 से अधिक छात्र-छात्राएं यहां अध्ययनरत हैं। समर्पित शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय स्टाफ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम,



समूहगान और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय के विकास में विभिन्न संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आधारभूत संरचना सहयोग एनएफआर और एनएफआर (कंस्ट्रक्शन) ने प्रदान किया, कंप्यूटर सुविधा कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने उपलब्ध कराई, जबकि पेयजल सुविधा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सुनिश्चित हुई। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में प्रयोगशाला, गतिविधि कक्ष, अध्ययन कक्ष, नया खेल मैदान, ऑडिटोरियम तथा अतिरिक्त शौचालय निर्माण की योजना की जानकारी दी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# रेलवे परिसरों में गंदगी पर कड़ा प्रहार, पूर्व रेलवे ने बढ़ाई निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेलवे परिसरों की स्वच्छता को जनस्वास्थ्य, यात्री सुरक्षा और राष्ट्रीय गौरव से जोड़ते हुए स्वच्छता नियमों के सख्त प्रवर्तन का निर्णय लिया है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्टेशन और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखना केवल रेलवे की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि प्रतिदिन लाखों यात्री इन सार्वजनिक स्थलों का उपयोग करते हैं। रेलवे ने भारतीय रेल नियम, 2012 (नियम 76) तथा रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 145 के तहत कार्रवाई तेज कर दी है। इन प्रावधानों के अनुसार स्टेशन या ट्रेन में कूड़ा फेंकना, थूकना, गंदगी फैलाना या किसी भी प्रकार का अपशिष्ट इस प्रकार छोड़ना जिससे वह हवा, पानी या अन्य माध्यम से परिसर में फैल सके, दंडनीय अपराध है। प्लेटफॉर्म, पटरियों, सीढ़ियों, प्रतीक्षालयों, कोच या अन्य रेलवे संपत्ति पर कचरा फैलाना प्रतिबंधित है।

रेलवे प्रशासन ने बताया कि अनधिकृत स्थानों पर कूड़ा फेंकना, पेशाब या शौच करना, नहाना, खाना पकाना, पशु-पक्षियों को दाना डालना, कपड़े या बर्तन धोना, वाहन धोना, बिना अनुमति पोस्टर चिपकाना, लिखावट करना या रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचाना कानूनन अपराध है। उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपये तक का जुर्माना तथा गंभीर मामलों में छह माह तक कारावास का प्रावधान है। पूर्व रेलवे ने यात्रियों, विक्रेताओं और कर्मचारियों से अपील की है कि वे उपलब्ध डस्टबिन का उपयोग करें और स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें, ताकि हर स्टेशन और हर यात्रा स्वच्छ, सुरक्षित और गरिमामय बनी रहे।

# कामाख्या-न्यू बंगाईगांव-डांगतल सेक्शन का जीएम ने किया व्यापक संरक्षा निरीक्षण

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने 20 फरवरी को कामाख्या-न्यू बंगाईगांव-डांगतल रेलखंड का व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया। यह निरीक्षण रेलवे की परिचालन सुरक्षा और आधारभूत संरचना की विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा था। निरीक्षण के दौरान कुल 154 किलोमीटर लंबे सेक्शन का जायजा लिया गया। इस अवसर पर मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैक की स्थिति, छोटे-बड़े पुलों, सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रणाली, ट्रैक्शन



स्थापनाओं, समपार फाटकों तथा स्टेशन अवसंरचना का विस्तृत मूल्यांकन किया। संरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों, कर्व, प्वाइंट्स एंड क्रॉसिंग तथा जारी अनुरक्षण कार्यों की गहन समीक्षा की गई, ताकि निर्धारित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विभिन्न स्टेशनों और कार्यस्थलों पर रेल अधिकारियों एवं अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों से संवाद कर परिचालनिक तैयारी, संरक्षा जागरूकता और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की भी जांच की। निरीक्षण कार्यक्रम के तहत नलबाड़ी, बरपेटा रोड और न्यू बंगाईगांव रेलवे स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया गया। यहां चल रहे विकास कार्यों में यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्टेशनों के आधुनिकीकरण और सेवा गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सुरक्षित, कुशल और यात्री-अनुकूल रेल सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# अभिषेक के हाथों तृणमूल में शामिल हुए युवा माकपा नेता प्रतीक-उर-रहमान

**❑ तृणमूल में शामिल होने के बाद माकपा ने प्रतीक को पार्टी से निकाला**

**❑ पिछले साल लोकसभा चुनाव में जिस अभिषेक के खिलाफ चुनाव लड़े थे, उन्हीं का हाथ थाम तृणमूल का झंडा थामा**



**कोलकाता :** बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले युवा माकपा नेता प्रतीक-उर- रहमान शनिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव व डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी का हाथ पकड़कर उन्होंने तृणमूल का झंडा थामा। पिछले साल लोकसभा चुनाव में रहमान ने डायमंड हार्बर सीट से अभिषेक बनर्जी के खिलाफ माकपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। संयोग से जिसके खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा, उन्हीं का हाथ पकड़कर शनिवार शाम में दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर लोकसभा अंतर्गत आमतला में अभिषेक के कार्यालय के सामने सड़क पर खड़े होकर औपचारिक रूप से वह तृणमूल में शामिल हुए। रहमान पिछले कुछ समय से विभिन्न मुद्दों पर पार्टी नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। इस मौके पर अभिषेक ने स्पष्ट किया कि रहमान ने चुनाव लडऩे के लिए टिकट की मांग नहीं की है, बल्कि संगठनात्मक काम करने की इच्छा जताई है। वहीं, तृणमूल में शामिल होने के कुछ ही समय बाद माकपा ने रहमान को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इससे पहले सड़क पर खड़े होकर संभवत: किसी नेता के तृणमूल में शामिल होने की मिसाल नहीं थी। इस पर अभिषेक बनर्जी ने तंज कसते हुए कहा कि रहमान ने माकपा को भी सड़क पर उतरने का रास्ता दिखाया है। रहमान तृणमूल में शामिल होने के लिए शाम में जिस वक्त आमतला स्थित कार्यालय में पहुंचे, उस दौरान अभिषेक पार्टी नेताओं के साथ आंतरिक बैठक कर रहे थे। शाम करीब चार बजे रहमान वहां अचानक पहुंचे और पार्टी की सदस्यता ली। इसके तुरंत बाद माकपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया।

अभिषेक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि माकपा रहमान पर तृणमूल से डील करने का आरोप लगा रही है, जबकि उन्होंने स्वयं कहा है कि यदि टिकट भी दिया जाए, तो वह नहीं लेंगे। बनर्जी ने कहा कि माकपा अपने ही कार्यकर्ता को नहीं पहचान सकी और उसे पहले ही गद्दार घोषित कर दिया। उन्होंने माकपा नेतृत्व, विशेषकर पार्टी के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम पर निशाना साधते हुए कहा कि असहमति बर्दाश्त न करने की प्रवृत्ति पार्टी में बढ़ी है। अभिषेक ने एसआइआर मुद्दे, केरल में माकपा की भूमिका, कांग्रेस के साथ विभिन्न राज्यों में अलग-अलग रुख और राज्य की महत्वाकांक्षी लक्ष्मी भंडार योजना पर की गई टिप्पणियों को लेकर भी सवाल उठाए।

मालूम हो कि रहमान ने हाल में माकपा की राज्य कमेटी, जिला कमेटी और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे का पत्र पार्टी को भेजा था। इसके बाद पार्टी के भीतर उन्हें बनाए रखने की कोशिशें भी हुईं और वाममोर्चा के चेयरमैन बिमान बसु ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन अंतत: बात नहीं बनी। रहमान ने आखिरकार तृणमूल का दामन थाम लिया।

## बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार ने केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार को भेजा मानहानि का नोटिस

**❑ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का लगाया आरोप, कहा–माफी मांगें केंद्रीय मंत्री**

**❑ सुकांत ने कहा था–राजीव कुमार कोयला व गौ तस्करी के मामलों से जुड़े हुए हैं**

**कोलकाता :** राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार को मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। बता दें कि पिछले दिनों सिलीगुड़ी में एक सभा के दौरान सुकांत ने कथित तौर पर आरोप लगाया था कि राजीव कुमार कोयला और गौ तस्करी के मामलों से जुड़े हुए हैं।

नोटिस में कहा गया है कि शिक्षा राज्य मंत्री की इन टिप्पणियों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। राजीव ने मांग की है कि सुकांत बिना शर्त माफी मांगें। राजीव ने मांग की कि केंद्रीय मंत्री को उन सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर माफी मांगनी चाहिए जहां यह टिप्पणी फैली थी।

राजीव ने कहा कि पत्र मिलने के सात दिनों के भीतर माफी मांगी जानी चाहिए। अन्यथा, उन्होंने केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की चेतावनी भी दी है। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी जानते है कि राजीव कुमार कैसे व्यक्ति हैं। वे कानूनी लड़ाई लडऩा चाहते थे, हम भी कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। एक सूत्र के अनुसार, सुकांत ने राजीव द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस का जवाब दे दिया है।

### शहर में आज

■ **बाबा रामदेव भक्त मंडल(मगरा क्षेत्र) :** संगीतमय भजन कीर्तन एवं होली उत्सव,श्री कमल जी,श्री कुनाल जी डागा,शिवम बिल्डिंग,कम्यूनिटी हॉल,194बी/1बी,सेटिन सेन सारणी,मानिकतल्ला मेन रोड,भीखाराम चांदमल के सामने,काकुड़गाछी,कोलकाता-54,दोपहर 3 बजे से

■ **श्री सीताराम सत्संग समिति(कोलकाता) :** विशेष संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ,श्री राधा माधव देवस्थान,1 तल्ला,1/1/1,माधो केस्टो सेठ लेन,तिवारी ब्रदर्स के पीछे एवं बापू टी स्टॉल के पास,बड़ाबाजार,कोलकाता-7,दोपहर 2 बजे से

■ **श्री करणी इन्द्र भक्त मंडल(श्रीमण्ड खुड़दधाम) :** संगीतमय भजन कीर्तन एवं होली उत्सव,ग्रीन टाउन,कम्यूनिटी हॉल,21/सी,अग्रसैन स्ट्रीट,अग्रसैन बॉय्ज स्कूल के पास,लिलुआ,हावड़ा-204,दोपहर 1 बजे से

■ **श्री विक्रम धर्म संघ :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ,24,शिव ठाकुर लेन,2 तल्ला,शिव ठाकुर धाम,ढ़ाकापट्टी,बड़ाबाजार,कोलकाता-7,सुबह 10 बजे से

■ **बाहेती भाईपा :** होली प्रीति सम्मेलन,माहेश्वरी भवन,सिद्धिविनायक हॉल,4 तल्ला,4,शोभाराम बैशाख स्ट्रीट,बड़ाबाजार,कोलकाता-7,सायं 4.15 बजे से

■ **श्री राम भक्त मंडल(हावड़ा) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ,श्री लाला जी भूतड़ा,राघव रेसीडेन्सी,ब्लॉक-1,फ्लैट-4बी,493/बी,जी.टी.रोड(साउथ),जैन हॉस्पिटल के पास,हावड़ा-2,दोपहर 3.30 बजे से

■ **भगवान श्री लक्ष्मीनारायण धाम :** साप्ताहिक बीजमंत्र एवं गणेश स्रोत का पाठ,माहेश्वरी भवन सभागार,4,शोभाराम बैशाख स्ट्रीट,बड़ाबाजार,कोलकाता-7,सुबह 11बजे से

■ **श्री विजय जी शर्मा परिवार :** बाबा रामदेव जी की आरती एवं ज्योत,नेचुरल सिटी(गेट-1),ब्लॉक-6,9 तल्ला,1204,दक्षिणधारी रोड,गोलाघाटा बस स्टॉप के पास,लेक टाउन,कोलकाता-48, सुबह 9 बजे से

## राज्यसभा चुनावः तृणमूल में चेहरों की तलाश तेज, चर्चा में डोना-शुभश्री समेत कई नाम

**इंडियन मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड' के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैंफुल्ला रहमानी के नाम भी आ रहे हैं सामने**

**कोलकाता :** बंगाल में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। विशेष रूप से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर उम्मीदवारों के चयन को लेकर गहन मंथन जारी है। पांच में से चार सीटें सुरक्षित होने के कारण पार्टी नेतृत्व किसी 'सरप्राइज' चेहरे को मौका देने के मूड में दिख रहा है। राजनीतिक गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की पत्नी और प्रसिद्ध नृत्यांगना डोना गांगुली को लेकर है। यदि डोना गांगुली राजनीति के मैदान में उतरती हैं, तो यह बंगाल की राजनीति का सबसे बड़ा 'चमत्कार' माना जाएगा।

डोना के अलावा, मनोरंजन जगत से अभिनेत्री शुभश्री गांगुली का नाम भी प्रमुखता से उभर रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की करीबी मानी जाने वाली शुभश्री ने हाल ही में सरकारी योजनाओं पर आधारित एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में काम किया है। मुस्लिम के प्रतिनिधित्व के लिए पार्टी 'इंडियन मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड' के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्ला रहमानी के नाम पर विचार कर रही है, जो मौसम बेनजीर नूर के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर फिट बैठ सकते हैं।

वहीं, मौजूदा सांसदों में ऋतब्रत बनर्जी के भविष्य को लेकर असमंजस बरकरार है-उन्हें राज्यसभा में दोहराया जाएगा या आगामी विधानसभा चुनाव में उतारा जाएगा, इस पर असमंजस की स्थिति है। इसके अतिरिक्त, 'बंधन बैंक' के संस्थापक चंद्रशेखर घोष का नाम भी चर्चाओं में शामिल है। सुब्रत बख्शी द्वारा दोबारा चुनाव लड़ने से इन्कार करने के बाद, यह देखना दिलचस्प होगा कि ममता बनर्जी किन चेहरों पर दांव लगाती हैं।

## एसआइआर के कथित दबाव में बीएलओ शिक्षक ने गंगा में लगाई छलांग, बाल-बाल बची जान

**❑ अपने दस्तावेज और मोबाइल फोन लांच पर छोड़ गंगा नदी में कूद गए।**

**कोलकाता :** हुगली जिले में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज घटना घटी, जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य में तैनात एक बीएलओ (बूथ लेवल आफिसर) ने चलती लांच(स्टीमर) से गंगा नदी में छलांग लगा दी। मोहम्मद कयामुद्दीन नामक यह शिक्षक कांचरापाड़ा के एक स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं और उनके बूथ पर 1245 मतदाता दर्ज हैं। गनीमत रही कि फेरी घाट के सतर्क कर्मियों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए उन्हें नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना के समय कयामुद्दीन श्रीरामपुर से बैरकपुर जा रही एक यात्री लांच पर सवार थे। चश्मदीदों के अनुसार, पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे उन्होंने अपने दस्तावेज और मोबाइल फोन लांच पर ही छोड़े और अचानक पानी में कूद गए। अस्प-ताल में भर्ती कराए जाने के बाद कयामुद्दीन ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वह निर्वाचन आयोग के काम के अत्यधिक दबाव और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में आ रही तकनीकी समस्याओं के कारण मानसिक तनाव में थे। उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। इस घटना ने एक बार फिर शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों के बोझ और उससे उपजे मानसिक तनाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय पार्षद ने इस मामले में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

### सड़क हादसे में स्कूटर सवार 10 वर्षीय किशोर घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** साउथ पोर्ट थाना क्षेत्र में देर रात एक सड़क दुर्घटना में स्कूटर सवार किशोर घायल हो गया। यह हादसा शुक्रवार देर रात सी.जी.आर रोड और डॉक ईस्ट बाउंड्री रोड के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, एक भारी मालवाहक गाड़ी ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटर पर सवार दीपू ठाकुर (10) और उसके पिता डी.एस. ठाकुर घायल हो गए। बताया गया है कि दुर्घटना के समय उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। घायल किशोर को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, स्कूटर चालक सुरक्षित बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही साउथ पोर्ट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी।

## बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव सक्रिय, बारिश का पूर्वानुमान

**❑ आगामी दो दिनों में दक्षिण बंगाल के जिलों में रात के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की हो सकती है बढ़ोतरी**



**कोलकाता :** वसंत ऋतु के साथ ही बंगाल के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे हिंद महासागर क्षेत्र में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है, जो अगले 24 घंटों में और अधिक शक्तिशाली होकर उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा। इस मौसमी तंत्र के प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो दिनों में दक्षिण बंगाल के जिलों में रात के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। विशेष रूप से सोमवार और मंगलवार को दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम में छिटपुट बारिश के आसार हैं। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और कलिम्पोंग जिलों में भी हल्की वर्षा हो सकती है, हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में अभी भी ठंड का अहसास बना रहेगा।

कोलकाता की बात करें तो यहां दिन का पारा पहले ही 31 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है, जिससे दोपहर में गर्मी महसूस की जा रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के करीब है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि हालांकि फिलहाल उत्तर बंगाल में सर्दी का असर बरकरार रहेगा, लेकिन दक्षिण बंगाल के मैदानी इलाकों में तापमान बढ़ने से ठंड पूरी तरह विदा हो जाएगी। इस निम्न दबाव के कारण समुद्र में हलचल बढ़ेगी, जिस पर मौसम विज्ञानी लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## विक्रम विहार मंदिर में महिला मंडल ने किया होली उत्सव का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** विक्रम विहार स्थित मंदिर परिसर में 20 फरवरी को महिला मंडल की ओर से होली उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में फूलों की होली, धमाल, भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई और अल्प-हार की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य भक्तों को एक साथ जोड़ते हुए पारंपरिक और आध्यात्मिक वातावरण में होली का उत्सव मनाना है। इस मौके पर ज्योति गुप्ता, अनीता पांडेय, बिमला देवी भूथरा, बीना अग्रवाल, अनुपमा तिवारी, सरिता अग्रवाल, इंदु सिंह, राधा देवी बिनानी और बबीता केशरवानी उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल सरकार को अब एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग करना होगा : रीजीजू

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सहायता के लिए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती के उच्चतम न्यायालय के आदेश को शनिवार को अत्यंत महत्वपूर्ण निर्देश बताया और कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार को अब इस प्रक्रिया में पूरा सहयोग करना होगा। रीजीजू ने कहा कि इस मामले में न्यायालय के निर्देश ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को भी पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल मतदाता सूची में अवैध घुसपैठियों को शामिल करके आगामी राज्य विधानसभा चुनाव जीतना चाहती है। पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध पर नाखुशी जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का 'असाधारण' निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और 'लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई' तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच 'दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप' और 'विश्वास की कमी' पर अफसोस जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नये निर्देश जारी किये। अदालत के आदेश के बारे में पूछे जाने पर, रीजीजू ने कहा, उच्चतम न्यायालय का निर्देश लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक और महत्व-पूर्ण था। कांग्रेस और तृणमल कांग्रेस को अब लोकतंत्र के लिए एसआईआर को पूरा सहयोग देना होगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, यह पश्चिम बंगाल और देश के लिए बहुत अच्छी खबर है। न्यायालय ने बहुत सख्त निर्देश दिए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और राज्य के सभी विभागों को उच्चतम न्यायालय के फैसले का पालन करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस एसआईआर का विरोध इसलिए कर रही है, क्योंकि वह अगले कुछ महीनों में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में धांधली करना चाहती है। रीजीजू ने कहा, वह मतदाता सूची में अवैध घुसपैठियों के नाम जोड़कर चुनाव जीतना चाहती है। तृणमूल सरकार अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है।

### नेटफ्लिक्स पर 'एक्यूज्ड' का ट्रेलर लॉन्च

**कोलकाता :** नेटफ्लिक्स ने अपनी नई फिल्म 'एक्यूज्ड' का ट्रेलर जारी कर दिया है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन और धर्मा प्रोडक्शन के निर्माण में बनी यह सायकोलॉजिकल ड्रामा थ्रिलर 27 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांता मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर डॉ. गीतिका सेन, एक प्रतिष्ठित सर्जन और स्त्रीरोग विशेषज्ञ, की जिंदगी में आए भूचाल को दिखाता है। फिल्म सनसनी से दूर रहकर सत्ता, पूर्वाग्रह और भावनात्मक टूटन की परतें खोलती है। निर्देशक अनुभूति कश्यप ने कहा कि यह फिल्म स्पष्ट जवाबों के बजाय भावनात्मक असमंजस को सामने लाती है। कोंकणा सेनशर्मा और प्रतिभा रांटा ने भी अपने किरदारों को जटिल और संवेदनशील बताया।

## नाबालिग की हत्या का प्रयास व लूटपाट के आरोप में तैराकी प्रशिक्षक को उम्रकैद

**2015 में कोलकाता के चितपुर इलाके में हुई थी घटना**



**कोलकाता :** एक तैराकी प्रशिक्षक को नाबालिग लडक़ी की हत्या का प्रयास और लूटपाट के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सियालदह अदालत के न्यायाधीश अनिर्बन दास ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपित संदीप साउ को शुक्रवार को दोषी ठहराया था। यह घटना 2015 में कोलकाता के चितपुर इलाके में हुई थी।

अदालती सूत्रों के अनुसार, 18 मार्च, 2015 को तैराकी प्रशिक्षक नाबालिग के फ्लैट में दाखिल हुआ। उस समय नाबालिग के माता-पिता नहीं थे। नाबालिग फ्लैट में अकेली थी। हालांकि नाबालिग व उसके माता-पिता तैराकी प्रशिक्षक से परिचित थे। संदीप साउ ने फ्लैट में घुसते ही अलमारी खोली तथा पैसे व गहने निकालने लगा। उसने नाबालिग से कहा कि उसे अपने पिता के इलाज के लिए पैसों की जरूरत है। घटना को देखकर नाबालिग ने इसका विरोध किया। आरोप है कि संदीप ने तौलिए से नाबालिग का गला घोंटकर मारने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उसने नाबालिग को चाकू से गोद दिया। खून से लथपथ होकर नाबालिग बेहोश हो गई। इसी बीच, संदीप फरार हो गया। बाद में, जब नाबालिग को होश आया, तो उसने दूसरे फ्लैट के पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। पडोस़ी उसे अस्पताल ले गए। पुलिस को सूचना दी गई। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद संदीप साउ को गिरफ्तार कर लिया। सियालदह अदालत में मामला दर्ज किया गया। अदालत में कुल 22 लोगों ने गवाही दी।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी मामले में चार दोषियों को सजा, पाक नागरिक की रिहाई के बाद प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया

**कोलकाता :** कोलकाता सिटी सेशंस कोर्ट ने पाकिस्तान के लिए जासूसी और जाली नोट प्रकरण में दोषी पाए गए चार आरोपियों को शुक्रवार को सजा सुनाई। तीन आरोपियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा दी गई, जबकि एक अन्य को पांच वर्ष की सजा सुनाई गई।



दोषियों में एक पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद इजाज शामिल है। अन्य तीन-अफसर अंसारी, शेख बादल और मोहम्मद जहांगीर-भारतीय नागरिक हैं। इजाज, अंसारी और जहांगीर को 10 वर्ष की सजा के साथ 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। शेख बादल को पांच वर्ष के कारावास की सजा दी गई।

मुख्य लोक अभियोजक दीपांकर कुंडू ने बताया कि सभी आरोपी पहले ही लंबी अवधि से न्यायिक हिरासत में थे, इसलिए वे सजा की अवधि पूरी कर चुके हैं और उनकी रिहाई की संभावना है। पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद इजाज को कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पाकिस्तान भेजा जाएगा।

गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश सुकुमार रॉय ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने अप्रैल 2015 में अफसर अंसारी और उसके पिता इरशाद अंसारी को गिरफ्तार किया था। उन पर कोलकाता पोर्ट के संवेदनशील हिस्सों की तस्वीरें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को भेजने का आरोप था।

जांच एजेंसियों के अनुसार, मोहम्मद कलाम उर्फ मोहम्मद इजाज पाकिस्तान के इस्लामाबाद का निवासी और आईएसआई का एजेंट था। उसे आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित किया गया था और जनवरी 2013 में कराची से पाकिस्तानी पासपोर्ट पर बांग्लादेश भेजा गया। 9 फरवरी 2013 को वह एक बांग्लादेशी नागरिक की मदद से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर दक्षिण 24 परगना स्थित इरशाद अंसारी के घर पहुंचा।

जांच में सामने आया कि इजाज ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट हासिल किया। उसके सहयोग से अफसर अंसारी ने कोलकाता पोर्ट के विभिन्न महत्वपूर्ण हिस्सों की तस्वीरें खींचीं और नक्शा तैयार किया। उस समय पोर्ट पर भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत निर्माणाधीन था। आरोप है कि इस नेटवर्क ने तस्वीरें, नक्शे और युद्धप-ोत की डिजाइन पाकिस्तान भेजी।

पिता-पुत्र से पूछताछ के आधार पर शेख बादल और मोहम्मद जहांगीर को भी गिरफ्तार किया गया। उनके पास से विभिन्न दस्तावेज और करीब पांच लाख रुपये की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की गई।

मुकदमे के दौरान इरशाद अंसारी का निधन हो गया, जिसके बाद उनका नाम आरोपियों की सूची से हटा दिया गया।

## सीडा का इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड फेयर 'इलेक्ट्रा 2026' सफलता के साथ संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) की ओर से टी-बोर्ड के निकट स्थित कच्छी जैन भवन में आयोजित 8वें तीन दिवसीय इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड फेयर 'इलेक्ट्रा 2026' का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में कोलकाता नगर निगम के वार्ड-71 की पार्षद पापिया सिंह, वार्ड-45 के पार्षद संतोष पाठक, तृणमूल यूथ कांग्रेस के महासचिव शायनदेव चट्टोपाध्याय, वार्ड-71 के अध्यक्ष बबलू सिंह, ऑटोमोबाइल एसोसियेशन ऑफ ईस्टर्न इंडिया के मानद सचिव प्रबीर रॉय तथा वर्ष 2006 के राष्ट्रीय कराटे विजेता आनीष बागची सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने कहा कि पिछले तीन दिनों तक बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया, जो मेले की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष इस आयोजन को और बड़े स्तर पर नए स्वरूप में आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।

इलेक्ट्रा 2026 ट्रेड फेयर कमेटी के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव ने कहा कि 1600 से अधिक सदस्यों वाले सीडा द्वारा आयोजित यह मेला उद्योग के आधुनिकीकरण और व्यवस्थित व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने का सशक्त मंच बनकर उभरा है।

सीडा के मीडिया सेल संयोजक संजय कुमार सिंह ने बताया कि नवीनीकृत वेबसाइट सीडा.ओअ-ारजी.इन और मोबाइल एप्लिकेशन को विकसित करने में इन्फोटेक संयोजक आशीष अग्रवाल एवं उनकी उप-समिति का विशेष यो-गदान रहा। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस एप से व्यापारियों और ग्राहकों को काफी फायदा मिल रहा है। तीन दिवसीय इलेक्ट्रा 2026 को सफल बनाने में सूर्यदीप बर्मन का भरपूर सहयोग मिला। समापन समारोह में ट्रेड फेयर कमेटी के को-चेयरमैन हरि प्रपन थराद के साथ सीडा के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंघी, सचिव गगन दीप मुंधड़ा, कोषाध्यक्ष तारक नाथ जायसवाल के साथ मिनेश ठक्कर, ग्लोस्टर केबल्स लिमिटेड के निदेशक बिनय राठी, अनिल कुमार सिंह, अरुण कोठारी, बिपिन गोयल, चंद्रेश एस मेघानी, मनोज सिंह, राजीव राठी, जितेंद्र सुराणा, कमल सुराणा, सुनील कुमार सिंघी, बृजेश लड्ढा, आदित्य मोहनका, आशीष अग्रवाल, अविनाश वर्मा, नवल किशोर सिंह, राजेश गोयल, आलोक कुमार सिंह, मुकेश सिन्हा और विकास राठी के साथ बड़ी संख्या में सम्मानीय लोग उपस्थित रहे।



# मन की शुद्धि और भक्ति का आध्यात्मिक महापर्व होलाष्टक



अशोक प्रवृद्ध

भारतीय संस्कृति में त्योहारों का आगमन केवल प्रसन्नता व उत्साह लेकर नहीं होता, बल्कि वे अपने साथ गहरे मनोवैज्ञानिक और खगोलीय संदेश भी लाते हैं। होली से ठीक आठ दिन पूर्व शुरू होने वाला होलाष्टक एक ऐसी ही अवधि है, जिसे सामान्तया केवल अशुभ मानकर डरा जाता है, जबकि इसका वास्तविक अर्थ तप और आत्ममंथन है। होलाष्टक मन की शुद्धि और भक्ति का आध्यात्मिक महापर्व है। होलाष्टक होली से ठीक आठ दिन पहले की वह अवधि है, जिसे भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक रूप से संवेदनशील और मांगलिक कार्यों के लिए वर्जित माना जाता है। होलाष्टक शब्द होली और अष्टक (आठ) से मिलकर बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है -होली के आठ दिन अर्थात होली+ अष्टक। यह फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से शुरू होकर पूर्णिमा (होलिका दहन) तक चलने वाली आठ दिनों की अवधि है। इसे आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष माना जाता है। यह होली त्योहार के आने की पूर्व सूचना अर्थात आहट देता है। पंजाब, हरियाणा और बिहार आदि उत्तर भारत के राज्यों में इसे विशेष रूप से माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इन आठ दिनों में दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति छोड़ने के लिए घोर यातनाएं दी थीं। प्रह्लाद के कष्टों के कारण इस समय को शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना गया है। इस प्रकार होलाष्टक कष्ट और भक्ति का प्रतीक है। इन दिनों ग्रहों की उग्रता चरम पर होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इन आठ दिनों में आठ ग्रह -सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु, अत्यंत उग्र अवस्था में होते हैं। ग्रहों के उग्र होने से वातावरण में नकारात्मकता बढ़ जाती है, जिससे व्यक्ति की निर्णय क्षमता प्रभावित हो सकती है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, नया व्यापार शुरू करना या संपत्ति खरीदना जैसे सोलह संस्कार और मांगलिक कार्य पूरी तरह वर्जित होते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से यह समय भजन, कीर्तन, दान और साधना के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। होलाष्टक के दौरान विवाह या गृहप्रवेश आदि मांगलिक कार्यों पर रोक लगाने का उद्देश्य नकारात्मकता फैलाना नहीं, बल्कि एकाग्रता बढ़ाना है। पौराणिक कथा के अनुसार इन आठ दिनों में भक्त प्रह्लाद ने बाहरी दुनिया से कटकर



केवल ईश्वर का ध्यान किया। यह समय हमें सिखाता है कि उत्सव (होली) मनाने से पहले स्वयं को आंतरिक रूप से तैयार करना और मानसिक कचरे को साफ करना अनिवार्य है। ज्योतिषीय दृष्टि से देखें तो इन आठ दिनों में ग्रहों की चाल उग्र रहती है। चंद्रमा, सूर्य, मंगल और शनि जैसे शक्तिशाली ग्रह अपना प्रभाव बदलते हैं, जिससे मानवीय स्वभाव में चंचलता और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। ऐसे में महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचना एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है, ताकि आवेश में आकर मनुष्य कोई गलत कदम न उठा लें। अध्यात्म की दृष्टि से होलाष्टक शून्य नहीं, बल्कि पूर्ण होने का समय है। साधना का स्वर्णिम अवसर है। मंत्र सिद्धि, ध्यान या योग करने वालों के लिए यह काल अत्यंत ऊर्जावान होता है। इस समय की गई साधना सीधे अवचेतन मन पर प्रहार करती है। बसंत की विदाई और ग्रीष्म के आगमन के बीच का यह संधिकाल शरीर में आलस्य बढ़ाता है। दान और उपवास के माध्यम से शरीर को शुद्ध करने की परंपरा इसीलिए बनाई गई है। यह उत्सव से पहले की शांति है। इस प्रकार होलाष्टक को अशुभ कहना उचित नहीं होगा। यह वास्तव में विश्राम काल है। जिस तरह एक लंबी छलांग लगाने से पहले कदम पीछे खींचने पड़ते हैं, ठीक उसी तरह होली के हुड़दंग और उल्लास में डूबने से पहले होलाष्टक हमें शांत, संयमित और भक्तिमय होने का अवसर देता है।

पौराणिक ग्रंथों में अंकित होलाष्टक से संबंधित कई कथाएं इसके महत्व और इस काल में शुभ कार्य वर्जना को स्पष्ट करती हैं। नारद पुराण के अनुसार असुर राज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद की विष्णु भक्ति से क्रोधित होकर उन्हें मारने का निश्चय किया था। फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक के इन आठ दिनों में हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को बंदी बनाकर भीषण यातनाएं दीं। उन्हें विष पिलाया गया, हाथियों से कुचलवाने का प्रयास हुआ और सांपों के कमरे में छोड़ा गया। इन कष्टों की पराकाष्ठा आठवें दिन हुई, जब हिरण्यकश्यप की बहन होलिका, जिसे अग्नि में न जलने का वरदान था, प्रह्लाद को गोद में लेकर चिता पर बैठ गई। भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका जलकर भस्म हो गई। प्रह्लाद द्वारा सहे गए इन आठ दिनों के कष्टों के कारण ही इस समय को अशुभ और पीड़ा का प्रतीक माना जाता है। दूसरी कथा कामदेव के भस्म होने से संबंधित है। शिव पुराण के अनुसार माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव गहरी तपस्या में लीन हो गए थे। तारकासुर के वध के लिए शिव-पार्वती का मिलन आवश्यक था। देवताओं के अनुरोध पर कामदेव ने फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन भगवान शिव पर पुष्प बाण चलाकर उनकी तपस्या भंग करने का प्रयास किया। तपस्या भंग होने से क्रोधित होकर शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोला और कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव के भस्म होने के बाद उनकी पत्नी रति ने आठ दिनों तक विलाप किया और शिव से क्षमा मांगी। रति के रुदन और देवताओं के प्रार्थना पर फाल्गुन पूर्णिमा को शिव ने कामदेव को पुनर्जीवित (अशरीरी रूप में) करने का वरदान दिया। प्रह्लाद के कष्ट और कामदेव के भस्म होने के कारण इन आठ दिनों में वातावरण में नकारात्मकता और शोक का प्रभाव माना जाता है, इसलिए कोई भी नया मंगल कार्य शुरू नहीं किया जाता। होलाष्टक का महत्व केवल शुभ कार्यों के निषेध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शुद्धिकरण और भक्ति का एक गहरा अवसर प्रदान करता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह आठ दिन कष्ट और धैर्य की पराकाष्ठा, सत्य के विजय के प्रतीक हैं। इन आठ दिनों में भक्त प्रह्लाद ने अपने पिता द्वारा दी गई घोर यातनाओं को सहा, लेकिन अपनी भक्ति नहीं छोड़ी। इसलिए यह समय अधर्म पर धर्म की विजय की तैयारी का काल माना जाता है। कामदेव के भस्म होने के बाद देवी रति ने इन्हीं आठ दिनों में भगवान शिव की कठोर आराधना की थी। यह कथा सिखाती है कि सच्ची प्रार्थना से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। अध्यात्म में होलाष्टक को तप और साधना के लिए स्वर्ण काल माना जाता है। चूंकि वातावरण में ग्रहों की उग्रता के कारण नकारात्मक ऊर्जा अधिक होती है, इसलिए ऋषि-मुनियों ने इस समय अंतर्मुखी होने का सुझाव दिया है। अर्थात यह मन की एकाग्रता का काल है। मंत्र सिद्धि हेतु तांत्रिक और आध्यात्मिक साधक इन आठ दिनों में विशेष अनुष्ठान करते हैं। मान्यता है कि इस समय किया गया जप और ध्यान अन्य दिनों की तुलना में अधिक प्रभावशाली होता है, क्योंकि मन को विकारों से मुक्त करने की चुनौती बढ़ जाती है। वस्तुतः होलाष्टक धैर्य की शिक्षा देते हुए संदेश देता है कि प्रह्लाद के असह्य कष्ट की भांति विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहना, शादी, नवीन वस्तु आदि भौतिक सुखों का त्याग कर ईश्वर पर ध्यान केंद्रित करना और होली जैसे रंगों के उत्सव से पहले मन और आत्मा के विकारों को जलाना अर्थात शुद्धि करना उत्तोतम होता है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# ऐसे मनाएं शादी की सालगिरह

भाषणा गुप्ता

इस अवसर को अक्सर कपल्स कहीं आउटिंग पर जाकर, घर में पार्टी करके या फिर रेस्टोरेंट में कैंडिल लाइट डिनर करके सेलिब्रेट करते हैं। यदि आप भी इन्हीं में से कोई तरीका अपनाते हैं तो क्यों न इस बार कुछ नया करें।

### छुट्टी लें:-

आप वर्किंग हैं तो पूरे दिन की छुट्टी ले लें। अगर पत्नी हाउसवाइफ है तो इस दिन के कार्य पहले ही निबटा लें ताकि पति के साथ पूरा दिन एन्जॉय कर सकें।

### एक-दूसरे को संवारें:-

व्यस्त रहने के कारण शायद आपको अपनी देखभाल करने का समय नहीं मिल पाता होगा, तो क्यों न इस दिन घर पर ही रहकर एक-दूसरे को पैम्पर करें।

### तैयारी करें:-

इसके लिए एक दिन पूर्व विभिन्न प्रकार के फल जैसे पपीता, सेब, स्ट्रॉबरी, अंगूर, अनार तथा सलाद हेतु कुछ कच्ची सब्जियां, शहद, अंडे, चॉकलेट, एवोकाडो, नींबू फ्रिज में स्टोर कर लें। इसके अलावा मसाज ऑयल, माश्चराइजर, ऑलिव ऑयल, सिरका, रोमांटिक मैग्ज़ीन, मूवी इत्यादि भी लेकर रखें।

### बॉडी

स्ट्रॉबरी को मैश करें, सेब को कस लें। केले व अंगूर को भी मैश करें। इसमें थोड़ी सी क्रीम मिलाएं। इन सभी को अच्छी तरह मिक्स करके एक-दूसरे को पूरी बॉडी पर लगाएं। लगभग पंद्रह मिनट बाद अपने होंठों व जीभ का यूज एक-दूसरे की बॉडी पर करें। विशेषज्ञों के अनुसार इससे आपका अंदरूनी व बाहरी दोनों ओर का पोषण होगा, साथ ही इसके साथ सेक्स में



भी एक अनोखी अनुभूति होगी। यही नहीं, वैज्ञानिक मानते हैं कि किसिंग से एक मिनट में 26 कैलोरी खर्च होती है। विकल्प के तौर पर शहद की एक मोटी परत भी लगा सकते हैं। चॉकलेट से मसाज भी की जा सकती है।

### बाल

- जो हेयर ऑयल आप यूज करती हैं, उससे एक-दूसरे के सिर की अच्छी तरह मसाज करें।
- इसे भी आजमाया जा सकता है। दो अंडे लेकर उनकी सफेदी में एक बड़ा चम्मच सिरका व इतनी मात्रा में ही ताजा पानी मिलाएं। इन सभी को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद बालों में लगाएं। बीस मिनट तक इकट्ठे बैठकर कोई रोमांटिक मैग्जीन पढ़ें या मूवी देखें। इसके बाद एक-दूसरे के बालों को शैम्पू करें।
- शैम्पू करने के बाद जब बाल थोड़े सूख जाएं तो पति महोदय अपने हाथों की उंगलियों से उन्हें कंघी करें। जब आप धीरे-धीरे अपनी उंगलियां उसके बालों में फिराएंगे तो उसे एक अद्भुत आनंद की प्राप्ति होगी।
- यदि आप बालों की अन्य प्रकार की ट्रीटमेंट लेती हैं तो इस दिन इसे पति से करवा सकती हैं।

### हाथ-पैर

- इनकी मालिश हेतु मसाज ऑयल, माश्चराइजर, ऑलिव ऑयल कुछ भी यूज कर सकते हैं।
- प्यूमिक स्टोन से एक-दूसरे के पैरों की भलीभांति सफाई करें।
- पार्टनर के नाखूनों को संवारें- उन्हें फाइल करें व फिर पेंट से ड्रेसअप करें।
- इकट्ठे स्टीम बाथ लें
- ताजे पानी में गुलाब के फूल की पत्तियां डालकर उससे नहाएं।
- नहाने के पानी में कुछ बूँदें खुशबूदार तेल डाल सकते हैं

### फूड

- एक दिन पहले खाने वाली चौड़ी स्टिक पर चॉकलेट को पिघला लें। फिर ठंडा होने पर इसे फ्रीजर में रख दें। इसे इकट्ठे खाएं।
- इस समय आपको हल्का भोजन करना होगा क्योंकि आपकी बॉडी की मूवमेंट बहुत कम होगी व तला-भुना व भारी भोजन आसानी से डाइजेस्ट नहीं हो पाएगा। इससे आपके आनंद में रूकावट पैदा होगी, सो ऐसा भोजन करें जिसे आप दोनों आसानी से पचा सकें।
- विभिन्न प्रकार के फलों की चाट, सब्जियों का सलाद, ढोकला, इडली इत्यादि का सेवन किया जा सकता है। (उर्वशी)

# आंखें खुली रखें ब्यूटी पार्लर में

नीतू गुप्ता

ब्यूटी पार्लर जाना अब कोई आधुनिकता की पहचान नहीं रही, न ही यह अमीर औरतों के सजने संवारने का स्थान मात्रा रह गया है। अब ब्यूटी पार्लर जाना हर वर्ग की महिलाओं और पुरूषों का शौक हो गया है।

हम छोटे छोटे कामों के लिए ब्यूटी पार्लर तो भागते हैं पर अधिकतर ब्यूटी पार्लर कुछ कामन गलतियां करते हैं जिनसे हम सुन्दरता के साथ साथ जाने अनजाने में कुछ बीमारियां भी ले आते हैं जिनका पता बाद में चलता है। कहीं आप भी ऐसी कुछ बीमारी तो साथ नहीं ला रहे। जरा सावधान रहें उन गलतियों पर जो अक्सर मिडिल स्टैंडर्ड ब्यूटी पार्लर वाले करते हैं।

❋ मेनीक्योर, पेडिक्योर करते समय प्रायः ब्यूटी पार्लर वाले घटिया से घटिया शैम्पू या लिक्विड सोप का इस्तेमाल करते हैं और नेल्स काटते समय वही नेलकटर सबके लिए प्रयोग करते हैं। नेल फाइलर और मेनिक्योर, के लिए भी कामन तौलिये का प्रयोग करते हैं जिसके कारण एक ग्राहक से दूसरे ग्राहक को संक्रमण आसानी से पहुंच सकता है और चर्म रोग भी हो सकता है।

❋ पुरूषों के पार्लर में कभी-कभी ब्लेड नहीं बदले जाते जिनसे उनमें भी कई संक्रमण पहुंच जाते हैं जो कई बीमारियों का कारण बन जाते हैं।

❋ अधिकतर ब्यूटीपार्लर के मालिक शुरू में अच्छी कंपनी के प्रसाधन खरीदते हैं। फिर उन्हीं शीशियों में लोकल प्रसाधन डालकर वही प्रयोग में लाते हैं जो स्टैण्डर्ड पर खरे नहीं उतरते।

❋ ब्यूटी पार्लरों में जो कंघा, कैंची या कोई औजार प्रयोग होते हैं, वही सब के लिए प्रयोग होते हैं। ध्यान दें क्या आपके ब्यूटी पार्लर वाले इन सब चीजों को स्टरलाइज करते हैं या नहीं। नहीं करते तो ऐसे ब्यूटी पार्लर में जाना छोड़ दें या अपने घर से कंघी ले कर जाएं और कैंची को एंटीसेप्टिक लोशन से साफ करवा कर प्रयोग में लाने दें।

❋ बालों की सेटिंग के दौरान या हेड मसाज के दौरान अधिकतर पार्लर में काम करने वाले कर्मचारी पता नहीं



कौन सा जैल या तेल सिर पर लगाते हैं। कई बार इनसे छिद्र बंद हो जाते हैं जिनसे उन्हें उचित पोषण न मिलने से बालों की जड़ें कमजोर पड़ जाती हैं।

❋ डैंड्रफ ट्रीटमेंट के समय जब बालों पर भाप देते हैं, कभी कभी यह भाप इतनी गर्म होती है कि आपके बाल कमजोर पड़ जाते हैं और टूटने शुरू हो जाते हैं।

❋ पैराफिन डायमंड एक ऐसा केमिकल है जो बालों को काला करने के काम में आता है पर अधिकतर देशों में इसका प्रयोग प्रतिबंधित है पर हमारे देश में मेंहदी में इसे मिलाकर प्रयोग में लाया जाता है जो हानिकारक होता है। बालों पर साधारण हाथों पर लगने वाली मेंहदी का प्रयोग करना चाहिए। आप मेंहदी लगवाने से पूर्व उनसे इसकी जानकारी ले लें। शक होने पर घर से आंवले, शिकाकाई, मेंहदी, काफी का मिश्रण तैयार कर ले जाएं।

❋ जिस शीशी से क्रीम आदि निकालकर ग्राहकों पर प्रयोग की जाती है वो नोजल वाली होनी चाहिए। कहीं वो बार-बार अपनी उंगलियां उसमें डालकर प्रयोग तो नहीं कर रहे। ऐसे में एक दूसरे का संक्रमण आसानी से दूसरे को ट्रांसफर हो सकता है।

❋ कहीं आपके ब्यूटी पार्लर वाले आपके बाल धोते समय जिस शैम्पू का प्रयोग करते हैं उसका मानक 7 से 9 तक तो नहीं है। ध्यान दें 6 मानक तक का शैम्पू अच्छा होता है। उनमें अधिक क्षार होने से बाल झड़ना प्रारंभ हो जाते हैं।

❋ ब्यूटी पार्लर के कर्मी क्या एक ग्राहक का काम समाप्त करने के बाद हाथ धोते हैं या नहीं? वैसे सबसे उचित है डिस्पोजेबल ग्लवस का प्रयोग किया जाना।

❋ बालों पर डाई लगाते समय डाई के छींटे अन्य त्वचा पर पड़ जाने पर कहीं वे ब्लीचिंग केमिकल से तो नहीं साफ करते। ऐसा करने से त्वचा खुरदरी और जली जली लगने लगती है।

❋ अधिकतर महिलाएं ब्यूटी पार्लर से कई रोग ले आती हैं क्योंकि वे आंख मूंद कर ब्यूटीपार्लर पर विश्वास करती हैं। आप जब भी पार्लर जाएं तो आंख मूंदकर विश्वास न करें, न ही उनकी लच्छेदार बातों में आएं। चैतन्य रहें। (उर्वशी)

# गुलाम न बनें फेसबुक के



उषा जैन 'शीरीं'

फेसबुक आज के युग का सबसे ज्यादा प्रचलित शब्द है। आज करोड़ों लोग इसके शैदाई बन गए हैं। तन्हाई में वक्त काटने का ये एक साधन बन गया है। इसकी लत भी नशे से कम नहीं।

अठारह वर्षीय सिद्धार्थ सुबह उठते ही लैपटॉप से चिपक जाता है। फेसबुक पर कुछ बकवास लिखता है, कुछ पढ़ता है। उसकी कुछ गर्लफ्रैंडस देश विदेश के कई शहरों में हैं जिनसे कॉम्पलीमेंटस लिए दिए बगैर उसका मूड नहीं बनता। इधर घरवाले उसे आवाज देते रहते हैं उन्हें अभी आया, अभी आया कहता जरूर है लेकिन लेपटाप से ही 'कनेक्टेड' रहता है।

आर्णव लेट नाइट तक फेसबुक पर अपडेट्स लिखने और पढ़ने में व्यस्त रहता है। फिर जाहिर है पढ़ाई करने के लिए सुबह उससे उठा नहीं जाता।

आर्यन छुट्टियों में सारा दिन फेसबुकिया बकवास करके दिन गुजारता है। जब एक गर्लफ्रैंड से बोर हो जाता है तो दूसरी के साथ चुहलबाजियां शुरू हो जाती हैं। फिर तीसरी, फिर चौथी, इस तरह न जाने उसकी कितनी फेसबुक गर्लफ्रैंडस बन गई हैं।

दरअसल फेसबुक एक सस्ती चाय की दुकान की तरह है जहां आप टाइम पास करने ताक झांक करते हुए तरह-तरह की कंमेंटस पास करने को आजाद रहते हैं।

कई बार फेसबुकिया शौक लड़कियों की रातों की नींदें तब उड़ा देता है जब फर्जी अकाउंट से कोई उन्हें बुली करने लगता है। इसमें फर्जी अकाउंट वाले की पहचान नहीं हो सकती, है इसलिए शोहदे किस्म के लड़के इसका भरपूर फायदा उठाते हुए अपना मनोरंजन करते हैं। मान लीजिए कभी लड़के का इकतरफा प्यार का चक्कर है, लड़की उसे लिफ्ट नहीं दे रही है तो बदले की भावना से वो उसे तंग कर सकता है।

फेसबुक पर 7 करोड़ से अधिक फर्जी अकाउंटस चल रहे हैं जिनका अक्सर मिसयूज होता है। यहां केवल लड़के ही अपराधी नहीं होते। लड़कियां भी ऑबसेस्ड होकर हदें पार कर जाती हैं।

अब इस तरह फिजूल वक्त बर्बाद करने वाले से आप जिंदगी में अपने-अपने घर परिवार के लिए क्या अर्थपूर्ण कार्य करने की उम्मीद कर सकते हैं। वे पलायनवादी बन कर अपनी जिम्मेदारियों कर्तव्यों से बचना चाहते हैं।

दिमाग को फ्री छोड़कर बेवकूफियां कर अपना मनोरंजन करना जेन-वाई को कहां ले जा रहा है, यह वास्तव में चिंता का विषय है। जो बातें वे आमने सामने कहने में झिझकते हैं वो फेसबुक पर बेझिझक कह सकने के लिए पूरी तरह आजाद होते हैं। उसी का फायदा उठाते हुए वे ऊट-पटांग हरकतें करते हैं। फेसबुकिया बकवास का सिलसिला अब आसानी से थमने वाला नहीं लगता। कमजोर रिश्ते, भयावह अकेलापन इसके मेन कारण हैं जिनके प्रति हमें जागरूकता लानी ही होगी। (उर्वशी)

# टैटू बनवाकर दिखें फैशनेबल

पुष्पा डिमरी

कई वर्षों से शरीर पर टैटू बनवाने का चलन काफी पॉपुलर हो रहा है। यदि आप डिफरेंट लुक पाने के लिए कुछ नया करना चाहती हैं तो टैटू है भी बेहतर ऑप्शन। वैसे हमारे यहां परम्परागत मेहन्दी हाथ व पैरों पर डिजाइन बनवाने का रिवाज रहा है।



अब लोग भीड़ से अलग दिखने की खातिर मेकअप के नए-नए तरीके तलाशने लगे हैं। टैटू भी उन्हीं में से एक है। टैटू मेहन्दी की तरह हाथ या पैरों तक सीमित नहीं है बल्कि इसे आप शरीर की किसी भी हिस्से में बनवा सकती हैं, कमर, गर्दन, पीठ, बाजू, टांगों और पेट यानी कहीं भी।

यह मल्टीकलर होता है। दो से लेकर सात कलर्स तक का इस्तेमाल टैटू बनवाने में किया जाता है। टैटू दो तरह से बनवाए जा सकते हैं। टेम्परेरी और परमानेंट, टेम्परेरी सिर्फ 20 दिन टिकता है। इसे मेहन्दी के जैसे कोन में कलर भरकर बनाया जाता है। कोन की नोक नुकीली होती है। इसका फायदा यह होता है कि यदि आपने पहले कोई डिजाइन बनवाया होगा तो उसके मिटने के बाद कोई और दूसरा डिजाइन बनवा सकते हैं। हर महीने डिफरेंट डिजाइन के साथ आप स्मार्ट और फैशनेबल लगेंगी।

अब बात करते हैं परमानेंट टैटू की। इन दिनों यह ज्यादातर लोगों की पसन्द में शामिल है। इसका फायदा यह है कि एक बार बन गया तो फिर बन गया। यहां यह बता दें कि परमानेंट टैटू कोन की बजाए मशीन से बनाए जाते हैं। मशीन चलते समय मीडियम दर्द का अहसास होता है। इसे बनवाने में लगभग आधा से एक घंटे का वक्त लग जाता है। परमानेंट टैटू बनवाने के इच्छुक खासकर वही लोग होते हैं जो इसे मेकअप का एक अहम पार्ट मानते हैं। विदेशी महिलाओं के शरीर पर भी आपको अक्सर परमानेंट टैटू गुदा दिख जाएगा।

टैटू चाहे जो भी, परमानेंट या टेम्परेरी, इसके डिजाइन अट्रेक्टिव, फनी और रोचक होते हैं। डेऋगन, सांप, शेर व बिच्छू जैसे सिहरन पैदा करने वाले डिजाइन यंगस्टर के बीच खूब पसन्द किए जा रहे हैं। यदि आप 40 प्लस के हैं और शरीर पर टैटू बनवाने के इच्छुक हैं तो फ्लावर, लीव, डॉल या बेबी जैसे सदाबहार डिजाइन चुनें।

याद रहे टैटू हमेशा एक्सपर्ट से ही बनवाएं वरना लेने के देने पड़ सकते हैं। ऐसा टैटू पार्लर ढूँढ़ें जहां डिफरेंट डिजाइन के साथ ब्रॉन्डेड कलर्स भी मिल जाएं। (उर्वशी)

# जब जाएं रेस्तरां में

सारिका

रेस्टोरेंट जाना आज के समय में सामान्य है। बर्थडे पार्टी हो, वेडिंग एनवर्सरी हो, सफलता की खुशी हो, तरक्की हुई हों या व्यावसायिक वार्तालाप हो, इस सब की खुशी मनाने के लिए रेस्टोरेंट एक कामन स्थान है जहां सब खुशी से जाना पसंद करते हैं।

रेस्तरां में आना जाना हमारे जीवन का अभिन्न अंग गया है इसलिए हमें वहां के नियम कायदों का पालन करना भी आना चाहिए। यदि हम शिष्टाचार नहीं जानेंगे तो लोगों में अशिष्ट कहलाए जायेंगे। आइये जानें किस प्रकार हम शिष्ट लगें रेस्टोरेन्ट्स में:-

❋ रेस्टोरेन्ट में जाने से पूर्व उस रेस्टोरेन्ट के बारे में जान लीजिए कि वहां का वातावरण व खाना कैसा है। तभी वहां जाइये। ऐसा न हो कि आपका मूड खराब हो जाये।

❋ यदि मेहमान और मेजबान ने अलग-अलग पहुंचना हो तो समय सीमा और मिलने का स्थान निर्धारित कर लें। सभी मिलकर ही अंदर जाएं। यदि पार्टी में अधिक लोग हैं तो मेजबान को समय से कुछ पहले ही स्वागत हेतु पहुंच जाना चाहिए।

❋ आप शॉपिंग करने के बाद रेस्टोरेन्ट जा रहे हैं तो अपने खरीदारी वाले बैग टेबल पर न रख कर उन्हें टांगों के पास नीचे कुर्सी के सहारे रखें। यदि प्रबंधन के पास सामान रखने की व्यवस्था हो तो उसके पास सामान रखवायें। महिलाएं अपने पर्स अपनी गोदी में रखें।

❋ रेस्टोरेंट में अपना स्थान ले लेने के बाद इंतजार करें। वेटर आपसे आर्डर लेने स्वयं आएगा। उसे आवाज देकर या बर्तन से आवाज कर न बुलाएं। यह अशिष्टता को दर्शाता है।

❋ मेजबान को खाने का आर्डर तभी देना चाहिए जब वह आमंत्रित लोगों से उनकी रूचि के बारे में पूरी जानकारी ले ले। जो भी आर्डर दे रहा है, उसके लिए दूसरों की पसंद को भी जानना जरूरी है। कभी-कभी मेन्यू कार्ड में आपको नाम



से स्पष्ट नहीं होता तो वेटर से उसकी जानकारी लेकर आर्डर करें।

❋ जब आर्डर किए खाद्य पदार्थ मेज पर आ जाएं तो मेजबान को ध्यान रखना चाहिए कि सबको उनकी पसंद के अनुसार खाना मिला है या नहीं। यदि शेयर कर खाना हो तो बच्चों की प्लेट मे पहले थोड़ा डालें। मेजबान को अंत में अपनी प्लेट में खाना डालना चाहिए। यह अच्छे शिष्टाचार को दिखाता है।

❋ होटल, रेस्टोरेंट में खाना खाते समय हाथों से खाना न खाकर चम्मच, , छुरी व कांटे का प्रयोग करें। हाथों से खाना अशोभनीय लगता है। खाने के टुकड़े छोटे लें। चम्मच ऊपर तक भर कर न खाएं। नैपकिन का प्रयोग करें, खाना धीरे खाएं, चबाते समय आवाज न निकालें। ये छोटी-छोटी बातें शिष्टाचार होती है।

❋ रेस्टोरेन्ट में ऊंची आवाज से बात न करें, न ही पास की मेज पर बैठे लोगों की बातें सुनने का प्रयास करें।

❋ बच्चों को घर पर समझा कर ले जायें कि वे रेस्तरां में शैतानी न करें। यदि वे कर रहे हों तो उन्हें प्यार से न करने के लिए समझाएं।

❋ खाने का बिल मेजबान को देना चाहिए। अब कभी सहभागिता की पार्टी हो तो बिल की जिम्मेदारी एक पर ही सौंपें। पहले या बाद में अपना हिस्सा शेयर करें, रेस्तरां में नहीं।

❋ रेस्तरां में यदि कोई परिचित मिल जाए तो उसे नजरअंदाज न करें। उन्हें विशेष सम्मान देकर अभिवादन करें और खाने के लिए निमंत्राण दें।

❋ अपने हाथ अधिक गंदे होने पर पानी से धोएं और नैपकिन से उसे सुखाएं।

❋ अंत में बिल के साथ वेटर को 'टिप' देना न भूलें। टिप का निर्णय स्वयं करें। वैसे उसकी सर्विस को देखते हुए टिप दें। यदि उसकी सेवा से असंतुष्ट हैं तो बाहर निकलने से पहले प्रबंधक को शिकायत न करते हुए सलाह दें। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर पौष्टिकता से भरे व्यंजन




नीतू गुप्ता



### मखाने की खीर

सामग्रीः- 150 ग्राम मखाने, 2 किलो दूध, चीनी 100 ग्राम, शुद्ध घी थोड़ा सा, 4 छोटी इलायची, काजू, बादाम, किशमिश, पिस्ता 8 से 10 दाने (प्रत्येक) 5 से 10 पंखुड़ियां केसर की।

**विधि:-** मखानों को मोटा-मोटा पीस लें। कड़ाही में घी डालकर गर्म करें और मखानों को भून लें। दूसरी ओर दूध उबालने और गाढ़ा करने के लिए रख दें। दूध में इलायची पीसकर डाल लें। जब 10 से 15 बार दूध में उबाल आ जाये तो उसमें मखाने और चीनी मिलाकर डाल दें। धीमी आंच पर उसे पकने दें और बीच बीच में हिलाते रहें।

जब मखाने और दूध रस जायें तो उतार लें । अब केसर की पंखुड़ियों को थोड़े से दूध में घोट लें और बनी हुई खीर में डालकर एक दो उबाल दे दें। जब खीर तैयार हो जाये तो परोसने से पहले सारे सूखे मेवे बारीक काट कर सजा दें। इस खीर को उपवास के दिन खाया जा सकता है। स्वास्थ्य लाभ कर रहे रोगियों के लिए भी मखाने की खीर अच्छी होती है।

### सेब की खीर

**सामग्री:-** 4 सेब, 1 लिटर फुल क्रीम मिल्क, 25 ग्राम चावल, 1 छोटी इलायची पिसी हुई, 9-10 लच्छे कसा, पिस्ता, बादाम, काजू बारीक कटे, चीनी स्वादानुसार, 1 बड़ा चम्मच तेल या घी, 1 छोटा चम्मच नींबू।

**विधि:-** दूध में एक दो उबाल आने के बाद दूध में चीनी मिलायें और घी में भुने चावल दूध में डालकर चलायें। सेब छीलकर नींबू वाले पानी में डालें जिससे सेब काले न पड़े। तीन सेब कद्दूकस कर लें और एक सेब के छोटे टुकड़े कर लें। जब चावल पकने वाले हो जायें तो कसा हुआ सेब और छोटे-टुकड़े डाल दें। गाढ़ी होने पर उतार कर ठंडा करें और उसमें केसर कटे हुए सूखे मेवे डालें और ठंडी होने पर सर्व करें।

### एपल डिप

**सामग्री:-** 1 कप दही (पानी निकला हुआ) 2 कप सेब छोटा चौकोर कटा, 1/2 कप बारीक खीरा कटा, 1/2 कप शिमला मिर्च बारीक कटी हुई, 1 चम्मच चीनी, स्वादानुसार नमक और काली मिर्च, अखरोट, बादाम, काजू के टुकडे।

**विधि:-** दही को मलमल के कपड़े में बांध कर 2-3 घंटे टांग दें। जब सारा पानी निकल जाये तो उसे बाऊल में डाल दें। उसमें काजू, अखरोट, चीनी, नमक, कालीमिर्च, शिमला मिर्च, खीरा मिलायें। सेब के टुकड़े भी डाल दें और फ्रिज में ठंडा होने को रख दें। चाहें तो डिप को ब्रेड, बिस्किट, रस पर रख कर खा सकते हैं या ऐसे भी खा कर उसका मज़ा ले सकते हैं। (उर्वशी)

## मणिपुर के मुख्यमंत्री दिल्ली रवाना, मंत्रिमंडल विस्तार पर भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे

**इंफाल:** मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह शनिवार को नयी दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां उनके राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं से बातचीत करने की संभावना है। मणिपुर मंत्रिमंडल में वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित पांच मंत्री हैं। भाजपा के एक पदाधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सिंह के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं से मुलाकात करने की संभावना है, जिसमें नवगठित राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार और विभागों के आवंटन पर चर्चा की जा सकती है। मणिपुर में 60 सदस्यीय विधानसभा है और नियम के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 12 से अधिक मंत्री नहीं हो सकते।

## लाल किला अब सप्ताह में सभी दिन खुला रहेगा: एएसआई

**नयी दिल्ली:** दिल्ली स्थित लाल किला परिसर अब सोमवार सहित सप्ताह के सभी दिन आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शुमार मुगल कालीन यह स्मारक पहले हर सप्ताह सोमवार को बंद रहता था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा हाल ही में एक आदेश जारी किया गया है, जिसके अनुसार दिल्ली का लाल किला सोमवार सहित सप्ताह के सभी दिन खुला रहेगा। एएसआई अधिकारी ने कहा कि इस पर अमल शुरू हो चुका है और 16 फरवरी सोमवार के दिन आगुंतकों के लिए लालकिला खुला रहा।

## श्रीनगर के पास नदी में वाहन गिरने से सीआरपीएफ के सात जवान घायल

**श्रीनगर:** श्रीनगर में शनिवार को एक वाहन के अनियंत्रित होकर नदी में गिरने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सात जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना श्रीनगर के बाहरी इलाके अहमदनगर में दगपोरा-उमरहैर रोड पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद वाहन पलट गया और पास की नदी में गिर गया। उन्होंने बताया कि घायल सीआरपीएफ जवानों को एसकेआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## बाल विवाह, घरेलू हिंसा के आघात से उबरकर छात्रा कक्षा 10 की परीक्षा देने पहुंची

**बीड:** बाल विवाह और घरेलू हिंसा के भयावह अनुभवों से उबरकर महाराष्ट्र के बीड जिले की 15 वर्षीय लड़की ने कक्षा 10 की परीक्षा में शामिल होकर जीवन में एक नया अध्याय शुरू किया। पुलिस की पूरी सुरक्षा में छात्रा ने शुक्रवार को मराठी विषय की परीक्षा दी। एक सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि नाबालिग लड़की की शादी उसके अभिभावकों ने दिसंबर 2025 में, उसकी मर्जी के खिलाफ पुणे में रहने वाले एक रिश्तेदार से जबरन करा दी। उसने बताया कि शादी के बाद उसका पति उसे पुणे ले जाकर बस गया और यहीं से उसके जीवन के सबसे काले अध्याय की शुरुआत हुई। उन्होंने बताया कि लड़की अपने पति द्वारा गंभीर शारीरिक शोषण और ससुराल वालों द्वारा लगातार मौखिक उत्पीड़न का शिकार थी। हालांकि, दबाव में टूटने के बजाय, उस लड़की ने अन्याय के खिलाफ लड़ने का फैसला किया।

## ओडिशा के ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन का 93.19 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास होगा

**बेरहामपुर:** ओडिशा के गंजाम जिले में स्थित ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन का 93.19 करोड़ रुपये के निवेश से पुनर्विकास किया जाएगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य स्टेशन को एक आधुनिक, यात्री-अनुकूल, स्मार्ट और टिकाऊ परिवहन केंद्र में बदलना है, जो भविष्य की बढ़ती मांगों को आसानी से पूरा कर सके। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत तीन मंजिला स्टेशन भवन का निर्माण किया जाएगा, 12 मीटर चौड़ा फुटओवर ब्रिज बनाया जाएगा, त्वरित जल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी, प्लेटफार्म का विस्तार किया जाएगा तथा बसों के लिए दो लेन वाले विशेष 'ड्रॉप पॉइंट' (बस अड्डा) बनाए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि पुनर्विकास किए जा रहे स्टेशन में 500 यात्रियों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, पांच एस्केलेटर और आठ लिफ्ट भी होंगी। पूर्वी तट रेलवे के अधिकारी ने बताया कि स्टेशन में आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल सुविधाएं जैसे कि हरित भवन मानक, छतों पर सौर पैनल, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण प्रणाली, उचित पृथक्करण के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली होंगी। साथ ही एक आधुनिक अग्निशमन प्रणाली भी होगी।

# देश से नक्सलवाद को 31 मार्च तक खत्म कर दिया जाएगा: गृह मंत्री अमित शाह



**गुवाहाटी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित 31 मार्च की समयसीमा तक देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। पूर्वोत्तर में पहली बार आयोजित 87वीं सीआरपीएफ दिवस परेड को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां पत्थरबाजी की घटनाओं की संख्या घटकर शून्य हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मणिपुर में जातीय हिंसा से निपटने और केवल तीन वर्षों में माओवादियों की कमर तोड़ने के लिए भी सीआरपीएफ को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों और कई जिलों में फैल चुका था, और जब केंद्र ने इस खतरे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया, तो सीआरपीएफ और कोबरा बल के जवानों ने इस प्रयास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गृह मंत्री ने उल्लेख किया कि इतना विशाल, जटिल और कठिन कार्य महज तीन वर्षों में पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा, ''सीआरपीएफ कर्मियों की बदौलत हम विश्वासपूर्वक कह सकते हैं कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।'' गृह मंत्री ने दुर्गम भूभाग में भीषण गर्मी के बीच छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुटा पहाड़ियों में 21 दिनों के 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के लिए सीआरपीएफ की प्रशंसा की, जिसमें अप्रैल-मई 2025 में 31 नक्सली मारे गए थे। उन्होंने कहा कि असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए, सीआरपीएफ के जवान अत्यधिक उच्च तापमान से तपती पथरीली पहाड़ियों पर उन 21 दिन के अभियान के दौरान एक इंच भी पीछे नहीं हटे और अंततः नक्सलियों के रणनीतिक अड्डे को नष्ट कर दिया। शाह ने कहा कि सीआरपीएफ और कोबरा बल ने देश को लाल आतंक से मुक्त कराने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सीआरपीएफ के 14 जवानों को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया, पांच जवानों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक मिला और बल की पांच बटालियन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदकों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, सीआरपीएफ के महानिदेशक जी पी सिंह और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जम्मू, उधमपुर में मादक पदार्थों के 7 तस्कर गिरफ्तार

**n दो पिस्तौल व हेरोइन जब्त**

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के जम्मू और उधमपुर जिलों में अलग-अलग स्थानों से मादक पदार्थ के सात कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आर.एस. पुरा के निवासी बलविंदर कुमार और सनी कुमार को जम्मू शहर के गांधी नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और 21 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि सांबा निवासी मोहम्मद इकबाल और अमित कुमार उर्फ जोगी को भी गांधी नगर से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक पिस्तौल और 146 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। अधिकारी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां मादक पदार्थ के एक तस्कर के खुलासे के आधार पर की गईं, जिसे गांधी नगर पुलिस ने इसी महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया था। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस के एक दल ने जम्मू में कैनाल रोड के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को रोका और उसकी तलाशी ली, जिसके परिणामस्वरूप कुछ मात्रा में हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अनंतनाग निवासी यावर फैयाज के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उधमपुर जिले में मादक पदार्थों के दो कुख्यात तस्करों मोहित शर्मा और इमरान खान को रौन डोमेल और पथ्याल मोड़ से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से क्रमशः 5.45 ग्राम और 6.20 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

## अजित पवार विमान दुर्घटना: रोहित पवार ने प्रधानमंत्री से जांच पूरी होने तक नायडू को हटाने की अपील की



**मुंबई:** राकांपा (शरदचंद्र पवार) के महासचिव एवं विधायक रोहित पवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की कि 28 जनवरी को हुए विमान हादसे की जांच पूरी होने तक नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू को केंद्र सरकार से इस्तीफा देने के लिए कहा जाए। उक्त विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का निधन हो गया था। कर्जत-जामखेड से विधायक रोहित पवार दिवंगत नेता के भतीजे भी हैं। उन्होंने अपने पत्र में दावा किया कि दुर्घटनाग्रस्त लियरजेट 45 विमान की मालिक कंपनी वीएसआर और उसके साथ नायडू के संबंधों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि इसकी जांच एक स्वतंत्र और सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। रोहित पवार ने पत्र में कहा, 'आपने (प्रधानमंत्री) अजितदादा और देश के प्रति उनके योगदान के प्रति हमेशा सम्मान दिखाया है। इस संदर्भ में, मैं अनुरोध करता हूं कि राम मोहन नायडू को जांच पूरी होने तक अपने पद से इस्तीफा देने के लिए कहा जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है ताकि इसकी पड़ताल की जा सके कि वीएसआर के मामले में डीजीसीए किसी भी तरह से प्रभावित तो नहीं हुआ था।'

## एआई शिखर सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन भारत के खिलाफ एक सोची-समझी साजिश: रीजीजू



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में विरोध प्रदर्शन करने के लिए अपनी युवा शाखा के कार्यकर्ताओं को लगाकर देश के खिलाफ 'बड़ा पाप' किया है। रीजीजू ने विरोध प्रदर्शन को 'शर्मनाक' बताते हुए आरोप लगाया कि यहां भारत मंडपम में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन कोई गलती नहीं, बल्कि भारत को बदनाम करने की एक सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने एआई शिखर सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन के लिए अपनी युवा शाखा का इस्तेमाल करके 'देश के खिलाफ एक बड़ा पाप' किया है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस द्वारा युवाओं का इस्तेमाल देश को बदनाम करने के लिए करना, इससे अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। ऐसे कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए, कम है।' रीजीजू ने कहा कि जहां पूरा देश शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के कृत्यों की निंदा कर रहा है, वहीं विपक्षी पार्टी और उसके नेता माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, वे इस शर्मनाक प्रदर्शन को युवाओं के गुस्से की अभिव्यक्ति बताकर उचित ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब भारत प्रगति करता है, तो राहुल गांधी और कांग्रेस दुखी हो जाते हैं। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भारत को बदनाम करने के लिए चौबीसों घंटे साजिशें रचते रहते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आप राष्ट्रविरोधी कृत्यों में लिप्त होना कब बंद करेंगे?' भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने शुक्रवार को 'एआई इंपैक्ट समिट' के एक प्रदर्शनी हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें वहां से हटा दिया।

## महाराष्ट्र में परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया 12वीं का रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र

**नागपुर:** नागपुर में महाराष्ट्र बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा होने से पहले प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस पेपर लीक के एक संदिग्ध मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा में कदाचार का यह मामला बुधवार को एक माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में सामने आया। उनके मुताबिक, एक छात्रा के बार-बार शौचालय जाने से संदेह उत्पन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षकों ने छात्रा का फोन जब्त किया और उसकी जांच करने पर पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक व्हाट्सएप समूह पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। उन्होंने कहा कि उसी समूह में संभावित उत्तरों को भी साझा किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि छात्रा के बयान के आधार पर एक अन्य छात्र से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिलते हैं कि एक निजी कोचिंग से जुड़े व्यक्ति ने पैसों के बदले प्रश्नपत्र साझा किया था। इस संबंध में सदर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बिलासपुर यार्ड रिमॉडलिंग कार्यों का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



**बिलासपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने शुक्रवार को बिलासपुर यार्ड का विस्तृत निरीक्षण कर वहां चल रहे रिमॉडलिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में, उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने आरआरआई तथा सिग्नलिंग गुमटी से संबंधित कार्यों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने ड्रॉइंग और लेआउट के माध्यम से ट्रैक व्यवस्था, सिग्नलिंग प्रणाली और भविष्य की परिचालन आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही तकनीकी पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यार्ड रिमॉडलिंग पूर्ण होने के बाद रेल संचालन अधिक सुगम, सुरक्षित और दक्ष होगा, जिससे मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों की आवाजाही में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया गया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्यों के प्रत्येक चरण में सुरक्षा नियमों और गुणवत्ता नियंत्रण का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# हिंद महासागर क्षेत्र में संयुक्त समुद्री तंत्र सर्वसम्मति पर आधारित होगा: नौसेना प्रमुख




**पणजी:** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी) 2026 के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है। उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा।' नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने एक पिछली पहल का उल्लेख करते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का उल्लेख किया, जिसके तहत पिछले साल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 10 देशों के कर्मी एक भारतीय नौसैना के प्लेटफार्म पर सवार हुए और 41 दिनों तक एकसाथ सफर करते हुए पूरे क्षेत्र के बंदरगाहों का दौरा किया। उन्होंने कहा, 'विभिन्न देशों के समुद्री और राजनीतिक नेतृत्व सहित हमें जो अनुभव और प्रतिक्रिया मिली, वह बहुत सकारात्मक थी। इसी के आधार पर हमने इस वर्ष आईओएस एसएजीएआर 2.0 आयोजित करने का निर्णय लिया है। हम तिथि तय कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) देशों के अधिकारी और नाविक एक साथ नौकायन और काम करते हैं, समुद्री वातावरण की एक साझा समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा, 'जब वे एकसाथ नौकायन करते हैं और मिलकर काम करते हैं, तो वे जिस समुद्री वातावरण को देखते हैं-चाहे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या अपनी आंखों से-वह एक समान होता है। इसलिए, उनके बीच एक साझा समझ होती है, जिससे स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे के विचारों की अधिक स्वीकृति होगी और सहभागी देशों के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी। क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर, एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हिंद महासागर का विशाल विस्तार जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, लगातार निगरानी को एक बड़ी चुनौती बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से मादक पदार्थ के व्यापार, मानव तस्करी और समुद्री आतंकवाद जैसे मुद्दों से निपटने के लिए वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

# राहुल गांधी ने मुंबई में कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की

## राहुल गांधी आरएसएस से संबंधित मानहानि मामले में भिवंडी की अदालत में पेश हुए

**ठाणे:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मजिस्ट्रेट की अदालत में पहुंचे। भिवंडी मजिस्ट्रेट की अदालत ने राहुल को इस मामले में एक नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा था क्योंकि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था, जो उनके जमानतदार थे। राहुल इस मामले में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल को नए जमानतदार के रूप में पेश करेंगे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुंबई में राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए



**मुंबई:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उन्हें काले झंडे दिखाए और इसे एआई शिखर सम्मेलन में युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का जवाब बताया। गांधी सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे और 2014 के मानहानि मामले में अदालत में पेश होने के लिए सड़क मार्ग से पड़ोसी ठाणे जिले के भिवंडी के लिए रवाना हुए। भाजपा समर्थकों के एक समूह ने मुलुंड टोल नाका पर विरोध प्रदर्शन किया और उनके खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि गांधी लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहलों का विरोध करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने गांधी पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

**मुंबई:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को यहां पार्टी नेताओं से मुलाकात की और 15 जनवरी को हुए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बारे में जानकारी ली। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने मौजूदा राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र में कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करने के लिए उठाये जा रहे कदमों पर चर्चा की। गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता द्वारा उनके खिलाफ 2014 में दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मजिस्ट्रेट की अदालत में उपस्थित हुए और उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। गांधी ने दिल्ली लौटने से पहले दोपहर को एक उपनगरीय होटल में यह बैठक की। बैठक में मौजूद लोगों में सपकाल और पार्टी की मुंबई इकाई की प्रमुख एवं लोकसभा सदस्य वर्षा गायकवाड़ भी शामिल थीं। सूत्रों के अनुसार गांधी ने बीएमसी चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन को लेकर सवाल उठाए। पार्टी ने 227 सदस्यीय बीएमसी में केवल 24 सीट जीतीं, जिससे यह सवाल उठने लगे कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के अपने सहयोगियों शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (शप) के बिना अकेले चुनाव लड़ने का फैसला क्या सही था। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने मुंबई इकाई को जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये।

## एमसीएफ में वंदे भारत प्रोटोटाइप रेक का निरीक्षण, प्रारंभिक स्पीड ट्रायल सफल



**रायबरेली :** मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) में तैयार किए गए वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रोटोटाइप रेक का शुक्रवार को महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वंदे भारत परियोजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री परिसर में प्रथम चरण का स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमसीएफ के वरिष्ठ अधिकारी, एम/एस सीमेंस के प्रतिनिधि तथा अन्य औद्योगिक साझेदार उपस्थित रहे। ड्राइवर केबिन से विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों का परीक्षण और प्रदर्शन किया गया, जिससे रेक की परिचालन तत्परता का आकलन किया जा सका। सीमेंस की तकनीकी टीम ने पेंटोग्राफ-वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) के संचालन तथा हाई वोल्टेज सिस्टम का विभिन्न परिस्थितियों में परीक्षण किया। सभी क्रियाएं ड्राइवर डेस्क यूनिट (डीडीयू) के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न की गईं, जिससे एकीकृत प्रणाली की दक्षता और विश्वसनीयता प्रदर्शित हुई। प्रारंभिक परीक्षण के तहत रेक को ट्रायल शेड से 10 किलोमीटर प्रति घंटा की नियंत्रित गति से चलाया गया। इस दौरान ट्रैक्शन, गति, ओवरहेड उपकरण (ओएचई) से प्राप्त धारा, ब्रेक प्रतिक्रिया तथा पैसेंजर अनाउंसमेंट एंड पब्लिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (पीएपीआईएस) की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने रेक का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रकाश व्यवस्था की जांच की और प्रकाश पंक्तियों के उचित सरेखण के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत क्यूबिकल्स की वैक्यूम और मैग्नेटिक सफाई कर धात्विक अवशेष हटाने पर जोर दिया, ताकि सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। इस सफल ट्रायल ने एमसीएफ और उसके औद्योगिक साझेदारों के बीच समन्वय और तकनीकी उत्कृष्टता को रेखांकित किया है तथा अत्याधुनिक, उच्च गति ट्रेनसेट निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित किया है।

## देश के ईईजेड में मछली पकड़ने हेतु एक्सेस पास का राष्ट्रीय शुभारंभ, समुद्री क्षेत्र को मिलेगा नया बल

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में मछली पकड़ने के लिए एक्सेस पास प्रणाली का राष्ट्रीय शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य गहरे समुद्र में मत्स्य संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित करना, मछुआरों की आय बढ़ाना और समुद्री खाद्य निर्यात को प्रोत्साहित करना है। भारत लगभग 11,099 किलोमीटर लंबी तटरेखा और करीब 24 लाख वर्ग किलोमीटर के ईईजेड से समृद्ध है। वर्तमान में अधिकांश मछली पकड़ने की गतिविधियां तट से 40-50 समुद्री मील तक सीमित हैं, जबकि 12 से 200 समुद्री मील तक फैले ईईजेड का बड़ा हिस्सा अब भी कम उपयोग में है। वैज्ञानिक आकलन बताते हैं कि टूना और टूना जैसी उच्च मूल्य वाली प्रजातियों के दोहन की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री **राजीव रंजन सिंह** ने 20 फरवरी 2026 को गुजरात के वेरावल से इस राष्ट्रीय पहल की शुरुआत की। उन्होंने 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 24 मत्स्य सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 37 मछुआरों को एक्सेस पास वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह कदम समुद्री क्षेत्र में पारदर्शिता, बेहतर नियमन और सुरक्षित मछली पकड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह एक्सेस पास ऑनलाइन 'रीएएल-सीराफ्ट' पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क जारी किया जा रहा है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और मत्स्य पालन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। इसे समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) और निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे कैच सर्टिफिकेट और स्वास्थ्य प्रमाणपत्र की प्रक्रिया आसान हो गई है। इससे ट्रैसेबिलिटी, स्वच्छता मानकों और अंतरराष्ट्रीय निर्यात अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा तथा भारतीय समुद्री उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी। नए नियमों के तहत केवल मशीनीकृत और 24 मीटर से बड़े मोटर चालित जहाजों को एक्सेस पास की आवश्यकता होगी, जबकि पारंपरिक गैर-मोटर चालित मछुआरों को इससे छूट दी गई है। इससे छोटे और पारंपरिक मछुआरों की आजीविका सुरक्षित रहेगी। सरकार समुद्री सुरक्षा के तहत देशभर में एक लाख ट्रांसपोंडर मुफ्त स्थापित कर रही है, जिनमें से 50 हजार से अधिक लगाए जा चुके हैं। यह प्रणाली वास्तविक समय में जहाजों की निगरानी, संकट अलर्ट और मौसम चेतावनी की सुविधा प्रदान करती है। इसके अलावा लगभग छह लाख मछुआरा परिवारों को प्रतिबंध और कम मौसम के दौरान आजीविका सहायता तथा पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है। यह पहल समुद्री संसाधनों के जिम्मेदार दोहन, सहकारी समितियों को सशक्त बनाने और निर्यात उन्मुख मत्स्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।हजार से अधिक लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा छह लाख मछुआरा परिवारों को आजीविका सहायता और पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

## केरल में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, लगभग नौ लाख नाम हटाए गए

**तिरुवनंतपुरम:** मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद निर्वाचन आयोग ने शनिवार को केरल में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की, जिसमें से लगभग नौ लाख नाम हटा दिए गए हैं। राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या अब 2.69 करोड़ से अधिक है। भारत निर्वाचन आयोग ने वेबसाइट का एक लिंक भी साझा किया है, जिससे जनता अद्यतन सूची में अपना नाम देख सकती है। निर्वाचन आयोग द्वारा शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जारी आंकड़ों के अनुसार, संशोधित मतदाता सूची में 2,69,53,644 मतदाता हैं, जबकि पिछले साल अक्टूबर में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू होने से पहले यह संख्या 2,78,50,855 थी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद 8,97,211 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि संशोधित सूची में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,31,26,048, महिला मतदाताओं की संख्या 1,38,27,319 और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 277 है। ट्रांसजेंडर मतदाताओं में सबसे अधिक संख्या (15) तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में है। अद्यतन मतदाता सूची में विदेशों में रह रहे मतदाताओं की संख्या 2,23,558 है, जबकि सशस्त्र बलों में सेवारत मतदाताओं की संख्या 54,110 है। ईसीआई अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत 36.88 लाख मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से 53,229 को अंतिम सूची से बाहर कर दिया गया था।

### न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच सुपर आठ मैच बारिश के कारण रद्द

**पाल्लेकल :** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप दो का मैच शनिवार को बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। इससे दोनों टीमों को एक एक अंक बांटना पड़ा। हल्की बूंदाबांदी के बीच पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मैच रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। पाकिस्तान ने टीम में ख्वाजा नफे की जगह फखर जमां को शामिल किया था। वहीं न्यूजीलैंड टीम में तीन बदलाव किये गए थे। कप्तान मिचेल सेंटनेर पेट के संक्रमण से उबरकर टीम में लौटे जबकि लॉकी फर्ग्यूसन और ईश सोढी को भी अंतिम एकादश में शामिल किया गया। अब पाकिस्तान को 24 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। न्यूजीलैंड टीम 25 फरवरी को श्रीलंका से खेलेगी। मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के लिये राह कठिन हो सकती है जिन्हें सुपर आठ में दो दो मैच और खेलने हैं। श्रीलंका के मौसम को देखते हुए अगर आगे कोई मैच रद्द होता है या हार का सामना करना पड़ता है तो सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो सकते हैं।

### बीसीसीआई ने भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ को संरचित समर्थन की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** बीसीसीआई ने शनिवार को भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर, घरेलू श्रृंखलाओं में सहायता और स्टेडियम के इस्तेमाल समेत संरचित समर्थन ढांचे की घोषणा की। भारत की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीमों ने पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पुरूष विश्व कप और पहला महिला विश्व कप जीता। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' भारत के दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की उपलब्धियां क्रिकेट समुदाय के लिये असीम गौरव की बात है।'' उन्होंने कहा, इस संरचित समर्थन से बीसीसीआई इन खिलाड़ियों के लिये मौके, बुनियादी ढांचा और एक्सपोजर बेहतर करने में मदद करेगा। खेल के लिये हमारे विजन का केंद्र समावेशिता है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराया, टी20 श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत



**एडीलेड :** भारत की महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। यह जीत ऐतिहासिक रही क्योंकि भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पहली बार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला जीती है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने छह विकेट पर 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और शेफाली वर्मा जल्दी आउट हो गईं, लेकिन उपकप्तान स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने पारी संभाल ली। मंधाना ने 55 गेंद में 82 रन (आठ चौके, तीन छक्के) की शानदार पारी खेली, जबकि जेमिमा ने 46 गेंद में 59 रन बनाए। दोनों के बीच 121 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। मंधाना ने 38 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो उनके करियर का 33वां अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक रहा अंतिम ओवरों में ऋचा घोष ने सात गेंद में 18 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में ही दबाव बना दिया। युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि रेणुका सिंह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अहम झटके दिए। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने भी तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एशले गार्डनर ने 57 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन अरुंधति रेड्डी ने उनका विकेट लेकर मैच भारत के पक्ष में मोड़ दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने आत्मविश्वास से भरा संदेश दिया है कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को उनके घर में हराने का माद्दा रखती है।

### जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मदद मिली : स्मृति मंधाना

भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने मैच के बाद कहा ,'' जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया।'' उन्होंने कहा, 'ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता लेकिन मुझे लगता कि उसके आकर दो तीन चौके लगाने से मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। लिहाजा इसका श्रेय उसे जाता है।'' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराना बड़ी उपलब्ध है लेकिन टीम की नजरें अब ब्रिसबेन में मंगलवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला पर है।

## बाबू और मंजू ने 'इंडियन ओपन रेस वॉक' प्रतियोगिता में मैराथन में स्वर्ण पदक जीते

**चंडीगढ़ :** उत्तर प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय एथलीट राम बाबू और पंजाब की मंजू ने शनिवार को यहां इंडियन ओपन रेस वॉक (पैदल चाल) प्रतियोगिता के पहले दिन क्रमश: पुरुष और महिला फुल मैराथन में स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) कर रहा है जिसमें 26 वर्षीय बाबू ने 42 किलोमीटर की फुल मैराथन वॉक स्पर्धा में तीन घंटे, नौ मिनट और 17 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता बाबू ने हरियाणा के संदीप कुमार को पीछे छोड़ा। ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता संदीप ने तीन घंटे, 11 मिनट और 18 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। बाबू ने बाद में कहा कि वह यहां पहला स्थान हासिल करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार थे। उन्होंने कहा, ''तैयारी अच्छी थी और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मेरा लक्ष्य जापान में होने वाले एशियाई खेलों में पदक जीतना है। मैं आगे अपने प्रदर्शन में और सुधार करने की कोशिश करूंगा।'' मंजू ने पैदल चाल कि अनुभवी एथलीट उत्तर प्रदेश की ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी सहित कुछ मजबूत प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने तीन घंटे, 33 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया जबकि प्रियंका तीन घंटे, 37 मिनट, 25 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही।

## अगर पाकिस्तानी खिलाड़ी द हंड्रेड का हिस्सा नहीं बनते तो यह शर्मनाक होगा: ब्रूक

**पाल्लेकल :** इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने शनिवार को यहां कहा कि अगर पाकिस्तानी क्रिकेटरों को 'द हंड्रेड' से बाहर रखा जाता है तो यह 'शर्मनाक' होगा। कुछ रिपोर्ट के अनुसार 'द हंड्रेड' में भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, सदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण भारत में संभावित राजनीतिक प्रतिक्रिया की आशंकाओं के चलते नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेने से परहेज कर सकती हैं। भारतीय स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स से अनुबंध हासिल करने वाले ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अभी हमारा मुख्य ध्यान टी20 विश्व कप पर है। ईमानद-ारी से कहूं तो इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट इतिहास का महत्वपूर्ण देश रहा है। मुझे लगता है कि नीलामी में उसके लगभग 50-60 खिलाड़ी होंगे और उनमें से कुछ को वहां न देखना शर्मनाक होगा।'' 'द हंड्रेड' की लंदन में होने वाली नीलामी के लिए पाकिस्तान के 67 पुरुष और महिला क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें पुरुष टी20 विश्व कप में खेल रहे उसके लगभग सभी खिलाड़ी शामिल हैं। मोहम्मद आमिर, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान और हारिस रऊफ सहित कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले 'द हंड्रेड' में खेल चुके हैं।

# सुपर आठ: दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा

**अहमदाबाद :** टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में रविवार को यहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। ग्रुप चरण में लगातार चार जीत दर्ज कर आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम के सामने अब असली परीक्षा होगी, जहां उसे मजबूत और संतुलित दक्षिण अफ्रीकी टीम से पार पाना है। भारतीय बल्लेबाजी में कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की भूमिका बेहद अहम रहेगी। दोनों ने अब तक जिम्मेदारी निभाई है, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट उनके करियर के मानकों से नीचे रहा है। ऐसे में काली मिट्टी की पिच पर उन्हें आक्रामकता और संयम के बीच संतुलन बनाना होगा। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने जरूर दो अर्धशतक लगाकर प्रभाव छोड़ा है, लेकिन अभिषेक शर्मा की लगातार विफलता टीम के लिए चिंता का विषय है। मध्यक्रम में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से तेज रन बनाने की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी में भारत की ताकत जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती रहे हैं। चक्रवर्ती ने चार मैच में नौ विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों को बांधे रखा है, जबकि बुमराह ने किफायती गेंदबाजी की है। दक्षिण अफ्रीका के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन जैसे तेज गेंदबाज हैं, जबकि एडेन मार्क्रम और केशव महाराज स्पिन विभाग संभालेंगे। बल्लेबाजी में क्विंटन डीकॉक और डेविड मिलर जैसे मैच विजेता खिलाड़ी मौजूद हैं। दोनों टीमों के बीच हाल के महीनों में कई मुकाबले हो चुके हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी रोचक हो गई है। यह मैच तय करेगा कि दबाव के क्षणों में कौन सी टीम बेहतर प्रदर्शन करती है और खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ाती है।

### मैं उन लोगों को लेकर चिंतित हूं जो अभिषेक की फॉर्म की चिंता कर रहे हैं : सूर्यकुमार



टी20 विश्व कप के तीन मैचों में शून्य पर आउट हुए अभिषेक शर्मा के फॉर्म को लेकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर आठ मैच से पहले जब सवाल उठे तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बिंदास और बेलाग जवाब दिया। सूर्यकुमार ने कहा ,'' मैं उन लोगों को लेकर चिंतित हूं जो अभिषेक की फॉर्म की चिंता कर रहे हैं। उन्हें अभिषेक के फॉर्म की इतनी चिंता क्यो है।'' उन्होंने कहा ,'' पिछले साल अभिषेक ने हम सभी को कवर किया और अब उसे कवर करना हमारी जिम्मेदारी है।'' पिछले एक साल में अभिषेक की उपलब्धियों की ओर इशारा करते हुए सूर्यकुमार ने कहा ,'' मैं उन टीमों के बारे में सोच रहा हूं जो उसके खिलाफ खेलने वाली हैं कि उसने एक भी रन नहीं बनाया है। आपको बाकी के जवाब तो पता है। जब वह रन बनाता है तो क्या होता है। टीम खेल में यह होता रहता है।''

### काली मिट्टी की पिच पर अर्शदीप और कुलदीप के बीच में से चुनना होगा टीम इंडिया को

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को सुपर आठ चरण का मैच नियमित काली मिट्टी पर खेला जायेगा जिससे स्पिनरों को शायद मदद नहीं मिले और इससे टीम प्रबंधन के सामने दुविधा हो गई है कि अतिरिक्त स्पिनर को चुने या तेज गेंदबाज का। उपकप्तान अक्षर पटेल टीम में वॉशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। डैथ ओवरों में अर्शदीप सिंह की उपयोगिता को देखते हुए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल करने से पहले काफी सोच विचार करेगी। मोटेरा मैदान पर सभी तीन तरह की पिचें हैं , लाल मिट्टी, काली मिट्टी और मिश्रित मिट्टी की। इस मैच के लिये काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है जिससे अच्छा उछाल मिलेगा। इससे घास पूरी तरह से छांट दी गई है। मोटेरा में क्रिकेट खेलते आये गुजरात के एक पूर्व कप्तान ने कहा कि इससे स्पिनरों को टर्न नहीं मिलेगी। भारत के एक पूर्व क्रिकेटर ने कहा ,'' यह सपाट पिच लग रही है। इस पर अच्छा उछाल मिलेगा। अगर मैं कप्तान होता तो कुलदीप यादव की जगह अर्शदीप सिंह को चुनता।''

## जापान में एशियाई क्रॉस कंट्री में भारत ने चार पदक जीते

**नयी दिल्ली :** भारतीय खिलाड़ी हरमनजोत सिंह को बेहतरीन 'स्पीड एंड्योरेंस' के बावजूद शनिवार को जापान के फुकुओका में पुरुषों की 10 किलोमीटर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन देश ने एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में तीन और कांस्य पदक जीते। तीस साल के हरमनजोत ने 29:21 सेकंड का समय निकाला जिससे वह स्वर्ण पदक से करीब से चूक गए क्योंकि जापान के रयूजी मिउरा ने 29:20 सेकंड से खिताब जीता। हरमनजोत ने हालांकि 2024 में बनाए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 29:57 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर स्पर्धा भारत की सोनिया 35:24 सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारत ने टीम स्पर्धा में भी तीन कांस्य पदक जीते। अंडर-20 महिला टीम चैंपियनशिप (छह किलोमीटर) में भारत 22 अंक से तीसरे नंबर पर रहा। जापान नौ अंक और चीन 20 अंक से आगे रहे। भारत की अंडर-20 टीम ने भी 25 अंक हासिल करके कांस्य पदक जीता। मेजबान जापान ने छह अंक से स्वर्ण और चीन ने 19 अंक से रजत पदक जीता। भारत ने महिला टीम स्पर्धा (10 किलोमीटर) में भी तीसरा स्थान हासिल किया जिसमें जापान छह अंक से पहले और चीन 17 अंक से दूसरे स्थान पर रहा।





### अदाणी एयरोस्पेस, एम्ब्रेयर भारत में ई175 विमान बनाने के लिए असेंबली लाइन लगाएंगी

**नयी दिल्ली :** अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और ब्राजील की प्रमुख विमान विनिर्माता एम्ब्रेयर ने ई175 क्षेत्रीय जेट विमानों के लिए भारत में फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करने की योजना बनाई है। इस संबंध में दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनेसियो लुला डा सिल्वा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में उन्नत समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। यह कदम 27 जनवरी को घोषित रणनीतिक सहयोग के बाद उठाया गया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, जनवरी में हस्ताक्षरित शुरुआती एमओयू से आगे बढ़ते हुए यह पहल भारत में एकीकृत क्षेत्रीय परिवहन विमान (आरटीए) पारिस्थितिकी विकसित करने की व्यापक रूपरेखा का हिस्सा है। ई175 विमान में अधिकतम 88 यात्री बैठ सकते हैं और इसे दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों के बीच क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए तैनात किया जा सकता है।

### इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी दो मार्च को करेंगे देशव्यापी हड़ताल

**नयी दिल्ली :** इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ (आईओबीओए) ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं। परिसंघ ने आरोप लगाया कि अधिकारियों को बैंक में जबरन देर तक बैठने के लिए मजबूर किया जा रहा है और एकतरफा 'एंड-ऑफ-डे' पाबंदियां लगाई जा रही हैं, जो उनके सम्मान और पेशेवर स्वायत्तता को प्रभावित करती हैं।

# 'एआई इम्पैक्ट' की दिल्ली घोषणा पर 88 देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने किए हस्ताक्षर

**भारत ने बराबरी, पहुँच औंर वैश्विक सहयोग पर आधारित सबके लिए एआई की मांग को आगे बढ़ाया**



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के घोषणापत्र पर कुल 88 देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभावों पर आयोजित शिखर सम्मेलन को मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है। इस घोषणा का मूल सिद्धांत 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिए है। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। एआई संसाधनों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने कहा, सिर्फ आर्थिक वृद्धि ही नहीं, सामाजिक सामंजस्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार और मानव संसाधन के विकास पर भी जोर दिया गया है। वैष्णव ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सभी देशों ने सहमति जताई है। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले अधिकांश देशों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क, मिस्र, इंडोनेशिया और जर्मनी शामिल हैं। एआई इंपैक्ट समिट में केवल एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश सुनिश्चित किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, 18-19 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का समापन 'नई दिल्ली घोषणा' को अंगीकार किए जाने के साथ हुआ। इस घोषणा का 86 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, इथियोपिया, जापान, इटली, इजराइल और आयरलैंड शामिल हैं। समर्थन देने वाले अन्य देशों में इंडोनेशिया, ईरान, हंगरी, यूनान, जर्मनी, फिनलैंड, मेक्सिको, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, फिलीपींस, पेरू, रोमानिया, रवांडा, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूक्रेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू) और अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी इस घोषणा का समर्थन किया है। वैष्णव ने शुक्रवार को कहा था कि इस सम्मेलन में पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जो भारत की एआई पहल में घरेलू और वैश्विक मजबूत रुचि एवं सहभागिता को दर्शाता है।

## भारत-ब्राजील के बीच एमएसएमई सहयोग, हरित वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए समझौता

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्राजील ने शनिवार को सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लाभ के लिए आपसी सहयोग के क्षेत्रों को तलाशने और उन्हें 'हरित वित्तपोषण' तक सुगम पहुंच प्रदान करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा की मौजूदा भारत यात्रा के दौरान इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू पर भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और ब्राजील के उद्यमिता, सूक्ष्म और लघु उद्यम मंत्रालय ने हस्ताक्षर किए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, यह समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों को एमएसएमई से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने और दोनों देशों के छोटे उद्यमों के पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यह दोनों देशों के एमएसएमई को एक-दूसरे की ताकत, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और नीतियों को समझने के लिए एक ढांचा और अनुकूल माहौल मुहैया कराएगा।इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य 'हरित परिवर्तन' को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करना है। इसमें 'हरित वित्तपोषण' तक एमएसएमई की पहुंच को सुगम बनाना भी शामिल है, जिससे उन्हें वैश्विक बाजारों और मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, इस समझौते से एमएसएमई की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा और टिकाऊ विकास के लिए उनकी क्षमता और अधिक मजबूत होगी। ब्राजील के राष्ट्रपति 18 फरवरी से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा भी की।

### वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का औषधि निर्यात 9.4 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश का औषधि निर्यात वर्ष 2024-25 में 9.4 प्रतिशत बढ़कर 30.47 अरब डॉलर हो गया और उद्योग की वर्ष 2026-27 में दहाई अंक में बढ़ने की मंशा है। अहमदाबाद में आयोजित एक 'चिंतन शिविर' के दौरान सरकारी अधिकारियों और दवा उद्योग के बीच निर्यात से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। यह क्षेत्र, जिसकी कीमत अभी लगभग 60 अरब डॉलर है, वर्ष 2030 तक 130 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत मात्रा के हिसाब से औषधि क्षेत्र में तीसरे नंबर पर है।

# 'मर्कोसुर' देशों के साथ व्यापार समझौते के विस्तार पर काम कर रहा है भारत: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत दक्षिण अमेरिकी देशों के व्यापारिक समूह 'मर्कोसुर' के साथ तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के विस्तार पर काम कर रहा है। इसका उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार और निवेश को और अधिक बढ़ावा देना है। मर्कोसुर लातिन अमेरिकी देशों का एक प्रमुख व्यापारिक समूह है, जिसमें ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पराग्वे शामिल हैं। भारत और मर्कोसुर के बीच पीटीए एक जून, 2009 को लागू हुआ था लेकिन वर्तमान में इसका दायरा सीमित है और इसमें केवल 450 उत्पाद ही शामिल हैं। अब दोनों पक्ष इसे एक पूर्ण व्यापार समझौते में बदलने पर विचार कर रहे हैं। गोयल ने उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत मर्कोसुर के साथ तरजीही व्यापार समझौते के विस्तार की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। गोयल ने कहा, मर्कोसुर क्षेत्र हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। हम भारत-मर्कोसुर तरजीही व्यापार समझौते के दायरे को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं ताकि बाजार तक पहुंच में सुधार हो, दोनों पक्षों के बीच निवेश बढ़े, प्रौद्योगिकी साझेदारी हो और खेल, शिक्षा एवं संस्कृति जैसे क्षेत्रों में आपसी जुड़ाव को मजबूती मिले। द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते हुए वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत और ब्राजील के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन यह अभी भी अपनी क्षमता से कम है। वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 15 अरब डॉलर के पार पहुंच गया।

## अमेरिका में शुल्क से जुड़ी घटनाओं का अध्ययन कर रही सरकार: वाणिज्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार अमेरिका में सीमा शुल्क से जुड़े ताजा घटनाक्रम और उसके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, शुक्रवार को सीमा शुल्क के बारे में आया अमेरिकी उच्चतम न्यायालय का फैसला हमारे संज्ञान में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया है। बयान में कहा गया, अमेरिकी प्रशासन की तरफ से कुछ कदमों की घोषणा की गई है। हम इन सभी घटनाक्रमों का उनके प्रभावों के संदर्भ में अध्ययन कर रहे हैं। ट्रंप की तरफ से पिछले साल भारत समेत करीब 60 देशों के खिलाफ जारी शुल्क आदेशों को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को रद्द घोषित कर दिया। इसके बाद ट्रंप ने 10 प्रतिशत वैश्विक सीमा शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। ट्रंप की नवीनतम घोषणा के मुताबिक, अमेरिका 24 फरवरी से 150 दिनों की अवधि के लिए आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अस्थायी 'एड-वेलोरम' (मूल्य आधारित) आयात अधिभार लगाएगा। इससे पहले अमेरिका ने अगस्त में भारत पर 25 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था। बाद में रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया जिससे कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि, फरवरी महीने की शुरुआत में दोनों देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर सहमति बनी, जिसके तहत अमेरिका शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमत हुआ है। रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए लगा दंडात्मक 25 प्रतिशत शुल्क हटाया जा चुका है जबकि शेष 25 प्रतिशत शुल्क प्रभावी चल रहा था। हालांकि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले और ट्रंप की नई घोषणा के बाद भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 10 प्रतिशत रह जाएगा। यह 10 प्रतिशत अधिभार अमेरिका में सर्वाधिक तरजीही देशों (एमएफएन) पर लागू मौजूदा शुल्क या अन्य आयात शुल्क के अतिरिक्त होगा।

### घरों का डिजाइन बनाते समय लोगों की खरीद क्षमता का ध्यान रखा जाए: गडकरी

**नागपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि निर्माण क्षेत्र में डिजाइन तैयार करते समय लोगों की खरीद क्षमता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। गडकरी ने कहा कि इस समय देश में सबसे अधिक जरूरत कम लागत वाले और किफायती आवास की है। केंद्रीय मंत्री ने यह बात इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स की तरफ से आयोजित 'डिजाइन शोकेस एंड कॉन्फ्लुएंस 3.0' कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट देश के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है, जो बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करता है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र जीएसटी के माध्यम से राज्यों और केंद्र सरकार को सबसे अधिक राजस्व भी देता है। गडकरी ने कहा, निर्माण योजनाएं बनाते समय आम लोगों की आय और खरीद क्षमता को ध्यान में रखना जरूरी है। वर्तमान समय में सबसे अधिक जरूरत कम लागत वाले और किफायती घरों की है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3511 अंक 321 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in